UPHIN/2011/39718

पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार




# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-131 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) गुरूवार 23 अप्रैल 2026 | youngbharatE-paper.com

## गारबेटा में भी योगी-योगी, सड़कों-छतों पर खड़े होकर हजारों लोगों ने किया बुलडोजर बाबा का दीदार




( यंग भारत न्यूज )

**मेदिनीपुर:** पश्चिम बंगाल चुनाव में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ (CM Yogi) का जबर्दस्त क्रेज दिख रहा है। एक ओर चिलचिलाती धूप में योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशियों के लिए खूब पसीना बहा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर उन्हें देखने-सुनने और एक झलक पाने को हजारों की भीड़ उमड़ रही है।

सोमवार को गारबेटा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार प्रदीप लोढ़ा के पक्ष में हुई चुनावी रैली में भी यही नजारा दिखा, जब दीवारों, वाहनों और घरों की छतों पर खड़े होकर लोगों ने योगी आदित्यनाथ का भाषण सुना और योगी-योगी की गूंज से उनका बंगाल की धरा पर स्वागत किया। योगी आदित्यनाथ ने भी नौजवानों, किसानों, महिलाओं से आह्वान किया कि जिस बंगाल को कांग्रेस, कम्युनिस्टों और तृणमूल कांग्रेस ने कंगाल किया है, उसे इन पार्टियों की अराजकता से मुक्त कराइए। सीएम (CM Yogi) ने बंगाल के राष्ट्रनायकों की धरा बताया, कहा कि जब तुष्टिकरण की पराकाष्ठा और टीएमसी सरकार की गुंडागर्दी चरम पर हो तो नेताजी सुभाष चंद्र बोस याद आते हैं। यहां के नौजवानों के सामने पहचान का संकट आया है। कभी लीडर की भूमिका में रहा बंगाल लूजर की भूमिका में हो गया है। भारत की आर्थिक उन्नति का आधार रहा बंगाल तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस व कम्युनिस्टों के लूटतंत्र का शिकार होकर कंगाल हो गया है। तृणमूल की अराजकता से मुक्त होकर बंगाल भी अब डबल इंजन सरकार का स्वाद चखने जा रहा है। सीएम योगी (CM Yogi) ने आरोप लगाया कि जयश्रीराम बोलने पर ममता दीदी को परेशानी होती है। सड़कों पर इफ्तार पार्टी कराने वाली ममता दीदी ने राम नाम, दुर्गा पूजा, मूर्ति विसर्जन, शोभायात्रा पर बैन लगा दिया है। 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में भी अराजकता, गुंडागर्दी, सड़कों पर नमाज और इफ्तार पार्टी होती थी, लेकिन यूपी में 9 साल से डबल इंजन सरकार चल रही है, तबसे नो कर्फ्यू, नो दंगा है, यूपी में सब चंगा है। वहां किसी के हक पर कोई डकैती नहीं डाल सकता। यूपी में ऐसी सड़कें हैं कि हाथ पर रखे कप से पानी नहीं छलकेगा। यूपी हाईवे स्टेट, एक्सप्रेसवे स्टेट, सर्वाधिक एयरपोर्ट वाला स्टेट, सर्वाधिक रोजगार देने वाला राज्य यूपी बन गया। जहां पहले उपद्रव होता है, वहां अब उत्सव हो रहा है। सीएम योगी (CM Yogi) ने कहा कि अब यूपी में सड़कों पर इफ्तारी और नमाज नहीं होती है। मस्जिद से अजान भी नहीं सुनाई देती। यूपी में हर तरफ खुशहाली है। ममता दीदी बंगाल में राम का नाम लेने पर चिढ़ती हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के अयोध्या में आसमान को छूता भव्य राम मंदिर का निर्माण हो गया। हर भारतीय को सीना तानकर खड़े होने और मर्यादा की प्रेरणा देने वाला राम मंदिर बताता है कि आस्था झुकती, रुकती, टूटती नहीं है। बस चुनौती का सामना करने की इच्छाशक्ति हो। वहां विधर्मियों के हौसले पस्त हुए। सीएम (CM Yogi) ने कहा कि यूपी में गोहत्या, लवजेहाद, लैंडजेहाद नहीं हो सकता। माफिया व गुंडों ने हिमाकत की तो बुलडोजर उसकी हड्डी-पसली को चकनाचूर कर देता है। टीएमसी का मतलब टेरर, माफियाराज व करप्शन है। इसे केवल भाजपा सरकार ही समाप्त कर सकती है। न गोहत्या होने देंगे और न ही हिंदू को बंटने देंगे। उन्नति के लिए बंगाल को भी डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में कार्य करना है।



## लखनऊ मेयर के विवादास्पद बयान पर अखिलेश यादव की तीखी प्रतिक्रिया

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** महिला आरक्षण बिल और परिसीमन के मुद्दे पर चल रही राजनीतिक बहस अब व्यक्तिगत हमलों में बदल गई है। लखनऊ की मेयर, सुषमा खर्कवाल ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख, अखिलेश यादव की दिवंगत माँ के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। इस पर अखिलेश यादव ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक महिला द्वारा दूसरी महिला का अपमान करना नैतिक रूप से गलत है।

मेयर का विवादास्पद बयान

क्या कहा मेयर ने ?

महिला आरक्षण बिल और परिसीमन पर विपक्ष की आलोचना करते हुए, मेयर ने अखिलेश यादव पर सीधा हमला किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश ने उस महिला का अपमान किया है जिसने उन्हें जन्म दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अपनी बहन का अपमान किया है, जिसके सहारे वे चलना सीखे और उस बेटी का अपमान किया है, जिसके चेहरे को देखकर उनकी थकान दूर होती थी। मेयर का तर्क था कि विपक्ष का आरक्षण का विरोध मातृशक्ति का अपमान है।

अखिलेश यादव का खुला पत्र

प्रिय सुषमा खरकवाल जी,

आपसे निवेदन है कि कृपया मेरी दिवंगत माँ का नाम लेकर एक महिला का अपमान न करें। नारी के सम्मान में आपसे यह आग्रह है। यदि आपके घर में बड़े-बुजुर्ग या बच्चे हैं, तो उनसे पूछें कि क्या आपका यह बयान उचित है। आप स्वयं एक महिला हैं, और जब एक महिला दूसरी महिला का अपमान करती है, तो कौन आपको नैतिक रूप से सही कहेगा ? भारतीय समाज में किसी की माँ का अपमान स्वीकार्य नहीं है। यदि आप अपने राजनीतिक भविष्य को उज्ज्वल रखना चाहती हैं, तो कृपया अपने स्तर को गिराने से बचें।

सादर,

आपका भाई,

अखिलेश

बीजेपी पर भी निशाना

अखिलेश यादव ने पत्र में यह भी कहा कि मेयर जिन लोगों को प्रभावित करने की कोशिश कर रही हैं, वे किसी के भी सगे नहीं हैं। उन्होंने मेयर को सलाह दी कि वे अपना संतुलन और स्तर बनाए रखें।




## सुर्खियां............

### क्या सच में राजकीय मेडिकल कॉलेज में गर्भवती की संदिग्ध मौत ?

**उरई ( जालौन )।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग में एक 25 वर्षीय नवविवाहित गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। मृतका की पहचान नैंसी के रूप में हुई है, जिसे बीती रात में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे.....................

### सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ाकर देर रात तक बजते डीजे ने दो शादियों की खुशियों को बदला खूनी संघर्ष में

**जालौन।** कानून और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को ठेंगा दिखाकर रात भर बजने वाले डीजे ने अंततः एक बड़ी घटना को जन्म दे दिया। नगर के मोहल्ला तोपखाना में रात 10 बजे के बाद भी बजते शोरगुल के बीच दो पक्षों में ऐसी 'जंग' छिड़ी कि बाराती और घराती मेहमानों की जगह लाठी-डंडे और पत्थर चलने लगे। यह पूरी घटना प्रशासन की उस शिथिलता का परिणाम .....................

### कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का वर्णन हुआ

**जालौन-उरई।** नाना महाराज मन्दिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का वर्णन हुआ। कथा व्यास पंडित प्रदीप तिवारी ने बताया कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को .....................

## भाजपा नेता के पिता की निर्मम हत्या, मुंह में कागज ठूंसकर आंखें भी फोड़ीं, फूटा लोगों का आक्रोश

( यंग भारत न्यूज )

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में क्वार्सी थाना क्षेत्र के गांव चिल्कौरा नगरिया में भाजपा युवा मोर्चा के मंडल मंत्री के पिता व पेट्रोल पंप संचालक की निर्मम तरीके से गला रेतकर हत्या कर दी गई।

हमलावरों ने संचालक के मुंह में कागज भरकर आंखें तक फोड़ डाली। हत्या के बाद शव को निर्माणाधीन मकान में छोड़कर भाग गए। आक्रोशित भीड़ ने आरोपियों के घर पर बुल्डोजर चलाने की मांग करते हुए करीब दो घंटे तक शव नहीं उठने दिया। पुलिस अधिकारियों ने बमुश्किल समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लिया। मामले में मुख्य आरोपी के दो भाइयों को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। हत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार धौर्रा निवासी पंकज राजपूत भाजपा युवा मोर्चा महानगर के क्वार्सी मंडल मंत्री हैं। उनके पिता नरोत्तम (55) पुत्र स्व.भरत सिंह पंप संचालक थे। सिटी एनर्जी के नाम से उनका पेट्रोल पंप है। कौड़ियागंज में तीन ईंट भट्टे भी हैं। परिवार में बेटा पंकज और बेटी पिंकी,चांदनी हैं। परिजनों ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब दस बजे नरोत्तम अपनी पत्नी पूनम के साथ पशुओं के लिए खेत पर बरसीम काट रहे थे। इसी बीच पड़ोसी परिचित आरोपी कन्हैया वहां पहुंच गया। कहा कि अपनी स्कूटी से चिल्कौरा तक छोड़ दो। निर्माणाधीन मकान पर पहुंचते ही किसी बात को लेकर दोनों के बीच बाद विवाद हुआ। विवाद बढ़ने पर आरोपी कन्हैया ने अपने साथियों की मदद से चाकू से गला रेतकर नरोत्तम की निर्मम हत्या कर दी। मुंह में कागज ठूंसते हुए आंखें तक फोड़ दी। उधर दोपहर तक नरोत्तम के घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश शुरू कर दी। शाम को आरोपियों से पूछा तो वह संतोष जनक जवाब नहीं दे सका। शक होने पर पत्नी व अन्य परिजनों ने निर्माणाधीन मकान का ताला खुलवाया तो खून से लथपथ शव कमरे में पड़ा हुआ था। यह देख परिजनों ने होश उड़ गए। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों में खलबली मच गई। एसएसपी समेत पांच थानों का पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। आक्रोशित भीड़ ने आरोपी के घर पर बुल्डोजर चलाने की मांग करते हुए शव नहीं उठाने दिया। घंटों हंगामा चलता रहा। पुलिस कर्मियों ने आनन-फानन में मुख्य आरोपी के दो भाइयों को हिरासत में ले लिया। कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर परिजनों ने शव को उठाने दिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस हिरासत में लिए गए युवकों से पूछताछ कर रही है। हालांकि अभी तक घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। एसएसपी नीरज जादौन के अनुसार क्वार्सी क्षेत्र के गांव चिलकौरा में निर्माणाधीन मकान में एक व्यक्ति का शव मिला है। घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। फील्ड यूनिट व डॉग स्क्वायड टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए हैं। परिजनों से वार्ता की गई है। हत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। मुख्यारोपी कन्हैया फरार है, जो मृतक का पूर्व से परिचित है। उसके दो भाइयों को हिरासत में ले लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।




# अमरावती का अश्लील वीडियो कांड दहला देश

## 180 लड़कियों के वीडियो वायरल करने वाले अयान की लग्जरी लाइफ ने खोले गहरे राज

( यंग भारत न्यूज )

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र का अमरावती जिला इन दिनों एक ऐसी वीभत्स घटना से थर्रा उठा है, जिसने न केवल स्थानीय प्रशासन बल्कि पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है. परतवाड़ा इलाके से सामने आया यह अश्लील वीडियो कांड किसी भी सामान्य अपराध से कहीं अधिक गहरा और भयावह है.

मामले का मुख्य आरोपी अयान अहमद है, जिसने लगभग 180 युवतियों के 350 से अधिक आपत्तिजनक वीडियो बनाकर न केवल उनका यौन शोषण किया, बल्कि उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल कर पीड़ितों की अस्मिता और सम्मान को तार-तार कर दिया. इस घटना ने एक बार फिर डिजिटल युग में महिलाओं की सुरक्षा और साइबर अपराधों के बढ़ते नेटवर्क पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं. पुलिस ने अयान अहमद को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन उसकी गिरफ्तारी के साथ ही जो खुलासे हो रहे हैं, वे किसी बड़े सुनियोजित गिरोह की तरफ इशारा कर रहे हैं. आरोपी अयान अहमद की गिरफ्तारी के बाद उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स और वायरल क्लिप्स की जब पुलिस ने गहन पड़ताल की, तो उसकी जीवनशैली देखकर जांच अधिकारी भी दंग रह गए. वायरल वीडियो में अयान का जो स्वरूप सामने आया है, वह किसी साधारण अपराधी का नहीं, बल्कि एक ऐसे रसूखदार व्यक्ति का है जो खुलेआम कानून को चुनौती देता नजर आता है. क्लिप्स में उसे महंगी और लग्जरी गाड़ियों में घूमते, हाथ में पिस्टल लहराते और हाथों में नकदी (कैश) व कई महंगे आईफोन के साथ देखा गया है. अपनी इन हरकतों के जरिए वह खुद को समाज में एक 'पावरफुल' शख्स के तौर पर पेश करने की कोशिश कर रहा था. अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर एक साधारण दिखने वाले युवक के पास इतना धन और संसाधनों का स्रोत क्या है ? पुलिस अब अयान की आय के स्रोतों की जांच कर रही है और इस संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है कि वह किसी बड़े आपराधिक सिंडिकेट या गैंग का हिस्सा हो सकता है, जहां से उसे इस घिनौने कृत्य के लिए फंडिंग मिल रही है. अमरावती का यह मामला हाल के दिनों में वायरल हुए कई अन्य विवादित क्लिप्स, जिनमें 19 मिनट 34 सेकंड का कुख्यात वीडियो भी शामिल है, से कहीं अधिक डरावना और सुनियोजित प्रतीत होता है. इस मामले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि परतवाड़ा की 180 लड़कियों को निशाना बनाया गया. अपराधियों ने न केवल उनके निजी पलों का वीडियो बनाया, बल्कि उन्हें ब्लैकमेलिंग और सोशल मीडिया पर प्रसार का हथियार बनाकर उनका मानसिक और शारीरिक शोषण किया. जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, महाराष्ट्र से अन्य चौंकाने वाले मामले भी सामने आ रहे हैं, जिनमें नासिक का ढोंगी अंकशास्त्री मामला हो या किसी बड़ी कॉर्पोरेट कंपनी में 'कॉर्पोरेट जिहाद' के नाम पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, ये सभी घटनाएं एक साथ मिलकर समाज में फैल रहे साइबर अपराधों के उस अंधेरे पक्ष को उजागर कर रही हैं, जो आज के समय में हर महिला के लिए एक बड़ा खतरा बन चुका है. पुलिस ने इस मामले को लेकर बेहद संवेदनशीलता दिखाई है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने न केवल आरोपियों की धरपकड़ तेज की है, बल्कि पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए एक विशेष ऑनलाइन लिंक और हेल्पलाइन की व्यवस्था भी की है. पुलिस ने साफ तौर पर यह निर्देश जारी किया है कि इस घटना से जुड़े किसी भी वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर या फॉरवर्ड न किया जाए, क्योंकि ऐसा करना न केवल कानूनी रूप से अपराध है, बल्कि यह पीड़िताओं की निजता और उनके सम्मान के साथ एक और खिलवाड़ है. प्रशासन का कहना है कि जो भी व्यक्ति इन वीडियोज को वायरल करेगा, उसके खिलाफ भी सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस की कोशिश यह है कि इस पूरे नेटवर्क के सरगना और उन सभी लोगों तक पहुंचा जाए जो इस घिनौने अपराध में किसी न किसी रूप में शामिल रहे हैं. इंटरनेट के इस दौर में अश्लील वीडियोज और फर्जी क्लिप्स के माध्यम से लोगों को ब्लैकमेल करने और ठगी का शिकार बनाने के मामले तेजी से बढ़े हैं. 19 मिनट 34 सेकंड के उस वायरल वीडियो के बाद से ही लोगों में एक अजीब सी उत्सुकता देखी गई थी, लेकिन अमरावती कांड ने यह साबित कर दिया है कि सोशल मीडिया की इन गलियों में कितनी गंदगी छिपी हुई है. यह केवल एक व्यक्ति का अपराध नहीं है, बल्कि यह एक ऐसी विकृत मानसिकता का परिणाम है जो तकनीक का उपयोग महिलाओं के दमन के लिए कर रही है. इंटरनेट पर आज न जाने कितने फर्जी लिंक्स और अश्लील वीडियोज के दांव चल रहे हैं, जिन पर ना किसी बड़े खतरे को दावत देने जैसा है. साइबर अपराधी अक्सर ऐसे ही वीडियोज का उपयोग करके लोगों को जाल में फंसाते हैं और उनसे फिरौती वसूलते हैं. इस पूरे प्रकरण ने महाराष्ट्र की कानून-व्यवस्था को एक नई चुनौती दी है. जब से अयान अहमद की गिरफ्तारी हुई है, तब से परतवाड़ा के स्थानीय लोग दहशत में हैं. वे यह सोचकर सिहर उठते हैं कि उनके बीच का ही एक व्यक्ति इतने बड़े स्तर पर लड़कियों की जिंदगी बर्बाद कर रहा था. राजनीतिक गलियारों से लेकर आम जनता तक, हर कोई इस मामले में फांसी जैसी कड़ी सजा की मांग कर रहा है. अमरावती पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई तक जाने के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों और साइबर सेल की मदद ले रही है. आने वाले दिनों में इस मामले में और भी कई बड़े खुलासे हो सकते हैं, जो यह बताएंगे कि क्या यह गिरोह केवल अमरावती तक सीमित था या इसकी जड़ें पूरे महाराष्ट्र में फैली हुई हैं. यह मामला समाज के लिए एक चेतावनी है कि तकनीक के प्रति सतर्कता और पुलिस के साथ सहयोग ही इस तरह की आपराधिक प्रवृत्तियों को रोकने का एकमात्र उपाय है. जो भी लोग अयान अहमद के इस लग्जरी दिखावे के पीछे छिपी सच्चाई को नजरअंदाज कर रहे थे, वे अब समझ चुके हैं कि डिजिटल दुनिया के ये 'राजा' असल में समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं.



# होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की परीक्षा को लेकर एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश




( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन उरई स्थित सभागार कक्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा आयोजित होमगार्ड्स इनरोलमेंट-2025 की परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु अधि0/कर्म0गण को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

कान्हा गौशाला में घास वितरण कार्यक्रम सम्पन्न गौसेवा के माध्यम से सेवा भाव का संदेश दिया पालिकाध्यक्ष ने कोंच नगर के कान्हा गौशाला में हेल्पिंग हैंड्स सेवा संस्थान के तत्वावधान में घास वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गौमाता को घास, गुड़ और चना खिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया तथा गौसेवा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया ।कार्यक्रम का उद्देश्य गौशाला में रह रही गौमाताओं के लिए भोजन की व्यवस्था करना तथा समाज में सेवा, करुणा और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को मजबूत करना था। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने गौमाता की सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त किया और नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प भी लिया ।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में सेवा भाव और सहयोग की भावना मजबूत होती है ।हेल्पिंग हैंड्स सेवा संस्थान के अध्यक्ष सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था समय-समय पर सामाजिक एवं सेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। उन्होंने कहा कि गौसेवा के माध्यम से समाज में संवेदनशीलता और मानवता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अनुराग खरे मंडल अध्यक्ष भाजपा, संस्था प्रभारी सुलभ टिकरिया, बाबूराम पाल, प्रदीप वर्मा, निर्मल गोस्वामी, पीयूष मिश्रा, रामचंद्र दीक्षित, अरुण मिश्रा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर गौमाता को घास एवं गुड़-चना खिलाया ।कार्यक्रम का समापन गौसेवा के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे और समाज को सेवा व समर्पण के मार्ग पर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

# कूड़ा के ढेर में लगी आग,,मंडी में मची आफरा तफरी

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई ।** बुधवार की दोपहर अज्ञात कारणों के चलते है गल्ला मंडी में पड़े कूड़ा के ढेर में आग लग गई। कूड़ा में आग करने के मंडी में आफरा तफरी मच गई। जब तक दमकल मौके पर पहुंचती तब तक नगर पालिका के टेंकरों की मदद से आग पर काबू पाया लिया गया।

इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। आसमान से आग बरसने का अहसास हो रहा है। सामान्य जन जीवन भीषण गर्मी के चलते प्रभावित हो रहा है। गर्मी के मौसम में बंगरा मार्ग स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में 15 सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद चल रही है। इसके साथ ही व्यापारियों के यहां अनाज की खरीदारी चल रही है। इस समय किसानों की बड़ी संख्या में मंडी में आवक है जो खाद्यान्न बेचने आ रहे हैं। बुधवार को दोपहर करीब 12 बजे के आसपास किसी व्यक्ति ने बीडद्यी या सिगरेट पीकर माचिस की तीली जमालू एंड संस व अंसार राईन की दुकान के पास लगे कूड़ा के ढेर में फेक दी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि माचिस की तीली से कूड़ा में आग लग गयी। आग की लौ उठता देख मंडी में अफरा-तफरी मच गई। मंडी परिसर में आग लगने की खबर लगने की जानकारी मिलते ही मंडी सचिव अंकित गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और आग लगने की जानकारी नगर पालिका के आरआई अनूप कुमार व अग्निशमन केंद्र को दी। नगर पालिका से टेंकर तत्काल मंडी पहुंच गए और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया। जब तक दमकल मौके पर पहुंचती तब तक व्यापारियों व पालिका कर्मचारियों की मदद से आग बुझाई जा चुकी थी।

# तेज रफ्तार कार का कहर: शादी की खुशियां मातम में बदलीं, मासूम की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** जिले के सिरसा कलार कस्बे में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे परिवार की खुशियों को पलभर में मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन आनन-फानन में अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिरसा कलार थाना क्षेत्र के निवासी अमित पाल के भाई सुमित पाल की सोमवार को शादी थी। मंगलवार को बारात सकुशल लौटने के बाद घर में खुशियों का माहौल था। इसी बीच बुधवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि अमित पाल का बेटा गोपाल घर के पास सड़क पार कर कोल्ड ड्रिंक लेने जा रहा था, तभी तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज उरई ले गए, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मासूम की मां, माँ बेबी भाई कार्तिक और कृष्ण सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में अभी कुछ ही घंटे पहले शादी की खुशियां गूंज रही थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार वाहन व चालक की तलाश की जा रही है।



# महिला के पर्स से जेवर चोरी के मामले में तीन चोरो को पुलिस ने दबोचा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** दिनदहाड़े महिला के पर्स से जेवर और नगदी पार करने वाले तीन शातिर चोरों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए जेवर और नगदी भी बरामद कर ली है ।जानकारी के अनुसार नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बुढेरा निवासी हरनाम की पत्नी ज्योति सिंह 20 अप्रैल को रामगंज बाजार में चप्पल खरीद रही थीं। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके हैंड पर्स से मंगलसूत्र, पायल और नगदी पार कर दी थी। घटना का पता चलते ही बाजार में हड़कंप मच गया था और महिला ने बताया था कि दुकान पर चप्पल खरीदते वक्त तीन युवक भी बगल में जूता चप्पल खरीद रहे थे जिसमें से एक संदिग्ध युवक को लोगों ने पकड़ कर धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया था ।घटना के बाद सक्रिय हुई कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू की और संदिग्धों की तलाश में जुट गई। बुधवार को पुलिस ने रामअवतार, राममिलन और सोविंद उर्फ इंदल निवासी भेंपता को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी किए गए जेवर और करीब 2500 रुपये नगद बरामद भी कर लिए है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# कान्हा गौशाला में घास वितरण कार्यक्रम सम्पन्न गौसेवा के माध्यम से सेवा भाव का संदेश दिया पालिकाध्यक्ष ने

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर के कान्हा गौशाला में हेल्पिंग हैंड्स सेवा संस्थान के तत्वावधान में घास वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गौमाता को घास, गुड़ और चना खिलाकर सेवा भाव का परिचय दिया तथा गौसेवा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया ।कार्यक्रम का उद्देश्य गौशाला में रह रही गौमाताओं के लिए भोजन की व्यवस्था करना तथा समाज में सेवा, करुणा और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को मजबूत करना था। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने गौमाता की सेवा कर पुण्य लाभ प्राप्त किया और नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प भी लिया ।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसमें अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में सेवा भाव और सहयोग की भावना मजबूत होती है ।हेल्पिंग हैंड्स सेवा संस्थान के अध्यक्ष सत्येंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि संस्था समय-समय पर सामाजिक एवं सेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। उन्होंने कहा कि गौसेवा के माध्यम से समाज में संवेदनशीलता और मानवता को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अनुराग खरे मंडल अध्यक्ष भाजपा, संस्था प्रभारी सुलभ टिकरिया, बाबूराम पाल, प्रदीप वर्मा, निर्मल गोस्वामी, पीयूष मिश्रा, रामचंद्र दीक्षित, अरुण मिश्रा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर गौमाता को घास एवं गुड़-चना खिलाया ।कार्यक्रम का समापन गौसेवा के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे और समाज को सेवा व समर्पण के मार्ग पर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

## शैलेष बने धर्मादा रक्षिणी सभा के नामित सदस्य

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** गल्ला व्यापारियो द्वारा संचालित नगर की सबसे बडी धार्मिक संस्था कोंच धर्मादा रक्षिणी सभा कोंच का समाज सेवी सेवी शैलेष कुमार सोनी को सदस्य मनोनीत किया गया ।संस्था द्वारा 24 अगस्त 2024 को एक प्रस्ताव पारित कर शैलेष का समिति के सदस्य पद के लिए नाम तय कि गया था ।जिसका अनुमोदन जिलाधिकारी को भेजा था ।जिलाधिकारी द्वारा 15 अप्रेल 26 को धर्मादा रक्षिणी सभा द्वारा भेजे गए प्रस्ताव की संस्तुति कर दी ।शैलेष सोनी के धर्मादा सदस्य मनोनीत होते ही नगर में खुशी की लहर दौड गयी ।गल्ला व्यापारियो ने कहा शैलेष संस्था की प्रगति के लिए कार्य करेगे।

# सड़क किनारे लगे झाड झक्कड को शीघ्र हटाने के पालिकाध्यक्ष ने दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर के तिलक नगर वार्ड नंबर 9 में मुख्य बाजार से पंचानन चौराहा बाईपास मार्ग को जोड़ने वाले व्यस्तम मार्ग पर सड़क किनारे लगी कांटेदार झाड़ियों को लेकर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सख्त नजर आए बीते दिनों इन झाड़ियों की वजह से कई राहगीर चोटिल हो गए थे जिसके बाद मामले का संज्ञान लेते हुए उन्होंने तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए ।प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मार्ग नगर का एक प्रमुख एवं व्यस्त मार्ग है जहां से प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है सड़क के किनारे फैली कांटेदार झाड़ियों के कारण पैदल चलने वाले लोगों व दोपहिया वाहन चालकों तथा स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिससे कई लोग इन झाड़ियों से टकराकर घायल भी हो चुके थे।

मामले की जानकारी मिलते ही नगर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने इसे गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को मौके पर पहुंचकर तुरंत झाड़ियों को हटाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा और सुविधा नगर पालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर पालिका प्रशासन की टीम ने भी आदेश मिलते ही मौके पर पहुंचकर झाड़ियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिससे आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके स्थानीय लोगों ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए पालिकाध्यक्ष की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि नगर में ऐसी समस्याओं पर आगे भी इसी तरह त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कालेज के योगेंद्र प्रबंधक बने

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कालेज के प्रबंधक सरनाम सिंह यादव के निधन पर उप प्रबंधक योगेंद्र सिंह यादव को सर्वसम्मति से प्रबंधक चुन लिया गया है। अमरचंद्र महेश्वरी इंटर कालेज के प्रबंधक सरनामसिंह यादव का अपने पद पर रहते हुए 28 मार्च को असामयिक निधन के कारण विद्यालय प्रबंधक पद आकस्मिक रूप से रिक्त हो जाने की स्थिति में विद्यालय सुचारु रूप से सुसंचालित होता रहे, इसके लिए प्रबंध समिति की आपातकालीन बैठक आहूत की गई थी जिसमें सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंध समिति के उप प्रबंधक योगेंद्र सिंह यादव को निर्विरोध प्रबंधक चुन लिया गया है। योगेंद्र सिंह यादव को प्रबंधक पद पर निर्विरोध निर्वाचित किए जाने के सर्वसम्मत प्रस्ताव को जिला विद्यालय निरीक्षक जालौन स्थान उरई ने अनुमन्यता प्रदान करते हुए योगेंद्र सिंह यादव के हस्ताक्षर भी प्रमाणित कर दिए गए हैं।

## विद्यालय में अर्थ डे मना कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई ।** स्थानीय नगर के रोज वर्ड पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य सवाहात हुसैन की अध्यक्षता में विश्व अर्थ दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी के पर्यावरण संरक्षण के बारे में भाषण देकर जागरूक किया। विद्यालय के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रिंसिपल शवाहत हुसैन ने कहा की हर साल विश्व अर्थ डे 22 अप्रैल को मनाया जाता है। कार्यक्रम प्रभारी मोनिका मिश्रा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं जेरव आदि ने प्रतियोगिता में भाषण करते हुए कहा कि विश्व अर्थ डे का मकसद प्रदूषण, वनों की कटाई तथा जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता बढ़ाना तथा पर्यावरण की रक्षा करना है। शिक्षिका मोनिका मिश्रा के मुताबिक पृथ्वी दिवस हमको याद दिलाता है कि पृथ्वी की रक्षा करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

# 2 सरकारी केंद्रों में मात्र 46 सौ कुंटल की हो पाई गेहूं की खरीद

## -30 मार्च से चल रही गेहूं खरीद खरीद

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई ।** कृषकों को उनकी उपज का समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए विभागीय एजेंसियों के द्वारा कालपी नगर के 2 अलग-अलग स्थानों मे सरकारी क्रय केंद्रों की स्थापना की गयी है। सरकारी केन्द्रों में निर्धारित 2585 रुपए प्रति कुंटल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है। अब तक दोनों केंद्रों में 4600 कुंटल सरकारी गेहूं की खरीद की जा चुकी है। अधिकारियों ने गेहूं खरीद में गतिशीलता लाने के निर्देश दिये गये हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति के परिसर में पीसीएफ के सरकारी गेहूं के केंद्र में प्रभारी धनीराम के मुताबिक अभी तक केंद्र में 831 कुंटल की खरीद हो चुकी है वारदाने की कमी की वजह से खरीद का काम रुका हुआ है। बारदाना आते ही तेजी से गेहूं की खरीद की जाएगी। इसी प्रकार विपणन केंद्र की केंद्र प्रभारी रुचिका ओमर के अनुसार केंद्र में 3800 कुंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। तथा निरंतर सरकारी गेहूं खरीदा जा रहा है। उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह तथा जिला खाद्य विभाग अधिकारी गोविंद कुमार उपाध्याय के द्वारा स्थापित कराए गए केंद्रों में गेहूं खरीद की निगरानी की जा रही है। मंडी सचिव सतीश चंद्र ने बताया कि कृषि उत्पादन मंडी समिति कालपी के परिसर में केंद्र प्रभारी रुचिता ओमर की देखरेख में विपणन शाखा का गेहूं क्रय केंद्र तथा दूसरा पीसीएफ केन्द्र धनीराम के द्वारा संचालित है। इसी प्रकार कदौरा विपणन शाखा कदौरा मंडी परिषद कदौरा रिंटू साहू, पी सी यू बी पैक्स लिमिटेड , सहकारी संघ छौंक रामबाबू, सहकारी संघ बाबई विमलेश कुमार आदि प्रभारियों की मौजूदगी में सरकारी गेहूं क्रय केंद्र संचालित है।

# पुलिस ने 18 अवैध पाउच शराब समेत युवक को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई ।** स्थानीय नगर में अवैध रूप से 18 पाउच शराब लेकर घूम रहे युवक को इलाकाई पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान कर दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रामगंज चौकी इंचार्ज विशाल बढ़ाना तथा सिपाही हनीफ शाह दिनांक 21.04.2026 को भ्रमण करते हुए कालपी अस्पताल पहुंचे तभी मुखबिर की सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध देशी शराब लिए मोहल्ला रामगंज प्राथमिक विद्यालय से रेलवे लाइन वाले कच्चे रास्ते की तरफ जा रहा है यदि जल्दी किया जाए तो पकड़ा जा सकता है तभी मुखबिर को साथ लेकर उसके बताए स्थान पर चल दिए। मुखबिर के बताए स्थान मोहल्ला रामगंज प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचे तो मुखबिर ने इशारा करते हुए बताया कि जो व्यक्ति झाड़ियां के पास सफेद रंग का बाजारु थेला लिए बैठा है वही व्यक्ति अवैध देशी शराब लिए हैं यह बता कर पीछे मुड़कर चला गया पुलिस टीम छुपते छुपाते झाड़ियां के पास बैठे व्यक्ति के करीब पहुंचकर उसको रोका टोका तो पुलिस टीम को आता देखकर सकपका गया और पुलिस टीम ने एक बरगी दविश देकर उस व्यक्ति को आवश्यक बल प्रयोग कर मौके पर भगाने का मौका दिए बिना पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति से नियमानुसार नाम पता पूछते हुए जामा तलाशी लेते हुए पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम लालजी पुत्र पंचम निवासी मोहल्ला तारीबुलदा कस्बा कालपी जनपद जालौन उम्र करीब 55 वर्ष बताया साथ में लिए थैले के बारे में पूछा गया और खोलकर देखा गया तो थैले में 18 ट्विन टावर के पाउच बरामद हुए जिस पर ट्विन टावर देसी शराब तीव्रता 36 प्रतिशत लिखा हुआ है लाल जी उपरोक्त से अवैध शराब रखने के संबंध में लाइसेंस तलफ किया गया तो दिखाने से क़ासिर रहा। पुलिस टीम के द्वारा धारा आबकारी 60 के तहत चालान करके जेल भेज दिया गया।

# गर्मी के भीषण प्रकोप से सड़कों पर लपट का कर्फ्यू

## प्रकोप से बचाव हेतु विभागवार एडवाइजरी

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) संजय कुमार ने बताया कि उष्ण लहर का सामान्य जनजीवन पर संभावित प्रभाव सामान्य लोगो के लिए गर्मी सहनीय रहेगी परन्तु छोटे बच्चो, वृद्ध एवं गंभीर बीमारियों से ग्रषित लोगो के लिए स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। मजदूरों(औद्योगिक श्रमिक, खनन श्रमिक, मजदूर), किसानों एवं धूप में देर तक काम करने वाले लोगो मे निर्जलीकरण एवं लू लगने की सम्भवना है। पशुधन एवं खड़ी कृषि/बागवानी फसलों पर मामूली प्रभाव। सलाह विशेष रूप से दोपहर के समय लम्बे समय तक धूप में रहने से बचे। हल्के रंग के हल्के, ढीले एवं सूती कपड़े पहने। धूप में जाते समय सिर को कपड़े टोपी या छतरी से ढककर रखे। निर्जलीकरण से बचने के लिये पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करे। खुद को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस, घर मे बने पेय जैसे लस्सी, तीरानी/चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करे।खड़ी फसल वाले खेतो में पर्याप्त नमी बनाए रखने के लिए शाम के समय बार-बार हल्की सिंचाई करे। खेती, खनन और अन्य खुले क्षेत्र की गतिविधियों को तदनुसार नियमित करने की आवश्यकता है। दोपहर के समय जानवरो को चराने से बचे और उन्हें पर्याप्त तरल पदार्थ के सेवन के साथ छाया में रखे। उन्होंने बताया कि कृषि पर लू का प्रभाव आधारित पूर्वानुमान- अरहर फसल अवस्था परिपक्वता/कटाई/मढ़ाई, फसल पर असर पड़ने की संभावना- अधिक तापमान से फसल जल्दी पक सकती है और दानों की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। सलाह- समय पर कटाई करे और फसल को खेत मे अधिक समय न रखे। गेहूँ की फसल अवस्था कटाई/मढ़ाई, फसल पर असर पड़ने की संभावना अधिक तापमान से दाने सिकुड़ सकते है और उत्पादन घट सकता है। सलाह- तुरन्त कटाई करे तथा दानों को अच्छी तरह सुखाए। मूंग फसल अवस्था अंकुरण/वानस्पतिक अवस्था, फसल पर असर पड़ने की संभावना अधिक तापमान से अंकुरण एवं प्रारम्भिक वृद्धि प्रभावित हो सकती है। सलाह- हल्की सिंचाई करे तथा नमी बनाए रखे। उड़द फसल अवस्था वानस्पतिक अवस्था, फसल पर असर पड़ने की सम्भावना अधिक तापमान से पौध वृद्धि प्रभावित हो सकती है। सलाह- हल्की सिंचाई करे तथा नमी बनाए रखे। स्वास्थ्य विभाग समस्त अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के उपचार हेतु बेड, दवाईयाँ, ह्रक्रस् तथा ढ्ढङ्क स्नशशस्त्र की उपलब्धता, डॉक्टरो/पैरामेडिकल स्टॉफ को हीट स्ट्रोक प्रबंधन का प्रशिक्षण, बीएलएस व एएलएस एम्बुलेंस सेवाओं का व्यापक प्रबंधन, अस्पतालों में कूलिंग सेन्टर्स व ठंडे पानी की व्यवस्था, हीटवेव के लक्षणों व उनसे बचाव हेतु जागरूकता कार्यक्रम। नगर पालिका, नगर पंचायत सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल, वाटर कूलर व छाया की व्यवस्था, अत्यधिक गर्मी के कारण कृषि हेतु नहरों एवं अन्य सिचाई स्त्रोतों के माध्यम से व्यापक जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, नगरीय क्षेत्र में पौधे, हरियाली बढ़ाना व पानी का छिड़काव, बेसहारा, यात्रियों हेतु आश्रय स्थल का निर्माण व उसमें शीतलता हेतु कूलर, पंखे, गद्दे, स्वच्छ पेयजल इत्यादि की उपलब्धता अग्निशमन विभाग समस्त फायर टैन्डर्स, फायर एक्सटिंग्यूशर व अन्य उपकरणों की नियमित जाँच, आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना, आमजनमानस को हीटवेव के दौरान अग्नि दुर्घटना से बचाव हेतु जागरूक करना। जिला पंचायत राज / जिला कार्यक्रम गांवों में पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करना, पंचायत स्तर पर छायादार स्थान व विश्राम स्थल हब की व्यवस्था, गांवों में आशा आँगनवाड़ी कार्यकत्रियों व पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से हीटवेव से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाना।

शिक्षअत्यधिक तापमान के दृष्टिगत स्कूलों के समय में परिवर्तन, छात्रों को हीटवेव से बचाव के उपायों की जानकारी देना।

श्रम विभाग- निर्माण स्थलों पर मजदूरों के लिये छाया, पीने का पानी एवं विश्राम का उचित प्रबंधन, अत्यधिक तापमान के कारण निर्माण स्थल पर कार्य समयावधि में परिवर्तन, ठेकेदारों / कार्यदायी संस्थाओं हेतु हीटवेव से बचाव के दिशानिर्देश जारी करना।

जल संस्थान/जल निगम खराब हैंडपंप / पाइपलाइन / नलकूपों की मरम्मत करना, निरंतर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना, पानी की कमी वाले क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना। विद्युत विभाग खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत, गर्मी के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना, अस्पतालों, नलकूपों / जल आपूर्ति केन्द्रों हेतु सुचारू विद्युत व्यवस्था बनाये रखना।पशुपालन पशुओं के लिये पानी एवं छाया की व्यवस्था, पशुपालकों को पशुओं को हीट स्ट्रोक से बचाव की जानकारी देना, पशु चिकित्सा केन्द्रों पर पर्याप्त संख्या में आवश्यक दवाओं का भण्डारण सुनिश्चित करना। कृषि विभाग कृषि विज्ञान केन्द्रों व कृषि अधिकारियों के माध्यम से किसानों को अत्यधिक तापमान के दृष्टिगत फसल प्रबंधन, सिचाई इत्यादि की नवीन तकनीकों की जानकारी देना, मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम सम्बन्धी चेतावनी का किसानों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार कराना। सिचाई विभाग नहरों, माइनरों व अन्य सिचाई स्त्रोतों की नियमित सफाई एवं रख-रखाव सुनिश्चित करना, अत्यधिक गर्मी के कारण कृषि हेतु नहरों एवं अन्य सिचाई स्त्रोतों के माध्यम से व्यापक जल आपूर्ति सुनिश्चित करना। परिवहन- बस अड्डो पर यात्रियों हेतु पेयजल व छायादार स्थल की व्यवस्था, बस अड्डो व परिवहन केन्द्रों पर हीटवेव से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें संदेशों का व्यापक प्रदर्शन, अत्यधिक तापमान के दृष्टिगत बसों / वाहनों में फायर एक्सटिंग्यूशर व फर्स्ट एड किट की उपलब्धता सुनिश्चित करना।

वन विभाग- अत्यधिक तापमान के दृष्टिगत जंगलों में आग की घटनाओं की सम्भावना बढ़ जाती है, जिसके दृष्टिगत आग नियंत्रण हेतु समस्त आवश्यक उपकरण, अग्निशमन व अन्य विभागों से उचित समन्वय स्थापित करना, वन क्षेत्रों में फायर लाइन की सफाई व उचित रख-रखाव सुनिश्चित करना जिससे आग के फैलाव को रोका जा सके।

# शहर के बाहर सड़कों पर ओवरलोड बालू डंपरों का कब्जा

### बालू डंप होने से सड़कों पर जाम की स्थिति, राहगीर परेशान

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** उरई के झांसी, राठोड़, अजनारी रोड, जालौन रोड़ पर ओवरलोड बालू डंपरों का कब्जा होने से सड़क पर जाम से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

सबसे ज्यादा झांसी रोड इन दिनों ओवरलोड बालू से भरे डंपरों के जमावड़े के कारण सुर्खियों में है। स्थानीय लोगों का कहना है कि साहब को हाइवे जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी, झांसी रोड पर ही ओवरलोड बालू ट्रक आसानी से खड़े मिल जाएंगे। बताया जा रहा है कि क्रय-विक्रय केंद्र के सामने बालू की अवैध मंडी सजने लगी है, जहां बड़ी संख्या में डंपर घंटों खड़े रहते हैं। इन भारी वाहनों के कारण सड़क पर लगातार जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, डंपरों के लगातार खड़े रहने और आवाजाही से फुटपाथ भी क्षतिग्रस्त हो गया है। आसपास के दुकानदारों ने भी इस समस्या को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि ग्राहकों का आना-जाना प्रभावित हो रहा है और व्यापार पर असर पड़ रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध बालू मंडी संचालित हो रही है और ओवरलोड डंपर सड़क किनारे खड़े किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध बालू मंडी और सड़क पर खड़े डंपरों के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन कब इस ओर ठोस कदम उठाता है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यमंत्री के जीरो टालरेंस के धज्जियां उड़ा दी मड़ोरी के दुस्साहसी प्रधान ने

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। जनपद जालौन के माधौगढ़ विकास खंड में पंचायतीराज अधिनियम के नियमों की धज्जियाँ उड़ती दिख रही हैं। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद ग्राम प्रधान अपने और अपने परिजनों के खातों में मनमाने ढंग से मजदूरी का भुगतान करा रहे हैं। इसमें ग्राम पंचायत सचिवों की मिलीभगत का आरोप भी लग रहा है।

### ग्राम प्रधान के खाते में लाखों की अवैध भुगतान

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मड़ोरी का मामला सबसे चौंकाने वाला है। यहाँ ग्राम प्रधान नीरज कुमार और ग्राम सचिव की कथित साँठगाँठ से ग्राम निधि से फर्जी भुगतान किया गया। प्रधान के खाते में नाली निर्माण, विज्ञापन, सफाई कार्य, आरआरसी सेंटर निर्माण, गौशाला में तार फिटिंग, चरनी निर्माण और गौपालक मानदेय के नाम पर लाखों रुपए डाले गए। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानों ने ग्राम निधि को लूट का हथियार बना लिया है। विरोध करने वालों को धमकी दी जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से हस्तक्षेप और सख्त कार्रवाई की माँग की है।

### गौपालक ने भी डकारे लाखों रुपये

ग्रामीणों के अनुसार, प्रधान के करीबी गौपालक जयसिंह के खाते में भी फर्जी मजदूरी का भुगतान करोड़ों रुपए का किया गया। यह पैसा बाद में प्रधान और उसके साथियों द्वारा बाँट लिया जाता है। - वित्तीय वर्ष 2024-25 तिरपाल टट्टर, नाली निर्माण, पंचायत घर में टाइल्स, सीसी निर्माण, गौशाला सफाई, मिट्टी भराई, शौचालय निर्माण, हैंडपंप मरम्मत के नाम पर 1,07,984 रुपए का भुगतान।

-वित्तीय वर्ष 2025-26 उक्त कार्यों के नाम पर 3,40,064 रुपए का फर्जी भुगतान।

### अधिकारियों का रटा-रटाया जवाब

मामले में जब विभागीय अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शासन ने निगरानी के लिए ब्लॉक स्तर पर अधिकारी लगाए हैं। लेकिन आरोप है कि थोड़े से पैसों के लालच में ये जिम्मेदार अधिकारी आँखें मूँदे बैठे हैं। परिणामस्वरूप, विकास कार्यों के लिए आने वाली धनराशि का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो रहा है।हालाँकि, एक अधिकारी ने कहा, इस मामले की जाँच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अब तक ऐसे ढकोसले भरे जवाब ही मिले हैं।

# पृथ्वी दिवस पर वृक्षारोपण, पेड़ों की देखभाल का लिया संकल्प

### शिवसेना (शिंदे) के कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर बुधवार को शहर में शिवसेना (शिंदे) एनडीए गठबंधन की ओर से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उरई स्टेडियम के सामने हुए इस कार्यक्रम में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मंडल प्रभारी सत्यम सक्सेना, मंडल उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार, डॉ. जगदीश कठेरिया, शिवकुमार पाल, अनिल वर्मा, मनोज फौजी, अंकुर राजा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस दौरान पदाधिकारियों ने केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार आर्य ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण और घटते वन क्षेत्र चिंता का विषय है। ऐसे में वृक्षारोपण जरूरी है और इसमें हर व्यक्ति की भागीदारी होनी चाहिए। मंडल उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

उरई की खबरें पेज नं 8 पर भी देखें

# जनसुनवाई में संवेदनशील प्रशासन, 80 वर्षीय बुजुर्ग को मिली त्वरित राहत, दो घंटे में अपडेट हुई खतौनी

### जिलाधिकारी की तत्परता से सुलझी भूमि विवाद की समस्या, फरियादी के चेहरे पर लौटी मुस्कान

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** जनपद में प्रशासनिक संवेदनशीलता और जवाबदेही का एक प्रेरक उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनसुनवाई के दौरान एक बुजुर्ग फरियादी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान सुनिश्चित कराया। सुबह से ही अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर रहे जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने दूर-दराज से पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए।

इसी दौरान तहसील कालपी के ग्राम आलमपुर निवासी लगभग 80 वर्षीय रामदयाल ने अपनी भूमि से संबंधित समस्या जिलाधिकारी के समक्ष रखी। उन्होंने बताया कि मौजा सुल्तानपुर उवारी, परगना कालपी स्थित उनकी आराजी में अंश निर्धारण के दौरान उनका हिस्सा शून्य (0.000 हे.) कर दिया गया, जिससे वे व्यवहारिक रूप से भूमिहीन हो गए थे। इस गंभीर स्थिति को जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान में लिया और उप जिलाधिकारी कालपी को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशों का त्वरित अनुपालन करते हुए संबंधित राजस्व टीम ने रिकॉर्ड का परीक्षण कर त्रुटि को सुधारा और मात्र दो घंटे के भीतर खतौनी को अपडेट कर दिया। जब रामदयाल को उनकी संशोधित खतौनी सौंपी गई, तो उनके चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी।जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच है, जहां प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप लोगों को समय पर न्याय मिल सके।

# ग्राम पंचायत रोमई मुस्तकिल करोड़ों की लागत से बनी गौशाला कबाड़ में तब्दील

### गौशाला निर्माण ठेकेदार पांच माह से लापता

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** कुठौंद (जालौन)। विकासखंड कुठौंद क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत रोमई मुस्तकिल में सरकार द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित बृहद गौशाला की हालत दयनीय हो गई है। मीडिया द्वारा मौके पर जायजा लेने पर पता चला कि पिछले पांच माह से ठेकेदार लापता है। गौशाला की ओर किसी भी अधिकारी ने आज तक रुख नहीं किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधान विनोद कुमार राठौर ने बताया कि गौशाला तक पहुंचने के लिए न तो पुलिया है और न ही पक्की सड़क। बरसात में आवागमन पूरी तरह ठप हो जाएगा। निर्माण की गुणवत्ता बेहद घटिया है। गौशाला के तीन सेट की छतें हवा में उछाल मार रही हैं। तार फेंसिंग इतनी कमजोर है कि गोवंश कभी भी बाहर निकल सकते हैं और जंगली जानरों के प्रवेश का खतरा बना रहेगा। ग्राम प्रधान का कहना है कि गौशाला में न तो हरा चारा काटने की व्यवस्था है, न बिजली, न यूनियन, न खाद के गड्ढे और न ही नाली। चारे की छत चटकने लगी है। सांड, गाय और बछड़ों को एक साथ रखा गया है, जबकि शासन के मानकों के अनुसार इनके लिए अलग-अलग व्यवस्था होनी चाहिए थी। वर्तमान में नवनिर्मित गौशाला में ताला लगा हुआ है, जबकि भूसा घर उपयोग में लेकर दोहरे खर्च से बचा जा सकता था। प्रधान ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात से पहले गौशाला को संचालित कर अधूरी व्यवस्थाओं को पूरा कराया जाए, ताकि गोवंश सुरक्षित स्थान पर रह सकें।

# महिला आरक्षण पर सपा कांग्रेस बेनकाब-उर्विजा दीक्षित

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने विरोध प्रदर्शन कर सपा और कांग्रेस का फूंका पुतला

(यंग भारत न्यूज)



**उरई (जालौन)।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को लोकसभा में विपक्ष द्वारा पारित नहीं होने देने के विरोध में बुधवार को उरई के डीवीसी डिग्री कॉलेज से लेकर कांग्रेस दफ्तर तक निकली गई जन आक्रोश महिला पदयात्रा एवं राहुल गांधी का पुतला जलाया भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि नारी शक्ति बंधन अधिनियम पर कांग्रेस सपा पार्टी समेत विपक्षी दलों का महिला विरोधी चेहरा उजागर हो गया है लोकसभा विधानसभा में 33% आरक्षण देने की ऐतिहासिक पहल भाजपा की है विपक्षी दलों द्वारा इसे बाधित करने का प्रयास उनके महिला विरोधी चेहरे को उजागर करता है सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि इसी अन्याय के विरोध में देश भर की आदि आबादी सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक ढंग से आक्रोश प्रकट कर रही है विधायक मूलचंद निरंजन ने बताया कि प्रचंड गर्मी के बावजूद सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता रही मुख्य रूप से उपस्थित मीनू मिश्रा शशि सोमेंद्र प्रीति बंसल श्रद्धा सेगर गरिमा पाठक सीमा जादौन तपुसम बेगम संगीता पाठक सुपर्णा तिवारी विवेक कुशवाहा पुष्पेंद्र सेगर अमीय त्रिपाठी केटी तोमर आदर्श सोनकिया अभय गोर आदि संख्या में उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने घोषित की साप्ताहिक बाजार बंदी की तिथियां

### नाईयों एवं हेयर ड्रेसर्स की दुकानें गुरुवार को रहेंगी बंद

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि उ. प्र. दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1962 की धारा-8(2) एवं उ. प्र. दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली-1963 के नियम-6 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये, जनपद में वर्ष-2026 हेतु निम्नलिखित साप्ताहिक बन्दी दिवस घोषित किये जाते है। उन्होंने बताया कि उरई नगर पालिका क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी दिवस मंगलवार, जालौन नगर पालिका क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी दिवस सोमवार, कोंच नगर पालिका क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी दिवस बुधवार, कालपी नगर पालिका क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी दिवस रविवार, माधौगढ़ टाउन एरिया क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी दिवस गुरुवार, रामपुरा टाउन एरिया क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी दिवस बुधवार, कोटरा टाउन एरिया क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी दिवस सोमवार, कदौरा टाउन एरिया क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी दिवस मंगलवार, एट टाउन एरिया क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी दिवस सोमवार, कस्बा कुठौंद क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी दिवस शुक्रवार, कस्बा जगम्मनपुर क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी दिवस शुक्रवार को रहेगा। उपर्युक्त समस्त क्षेत्रो में स्थित नाईय, हेयर ड्रेसर्स की दुकानों हेतु साप्ताहिक बन्दी दिवस गुरुवार रहेगा।यह आदेश माह जनवरी 2026 से माह दिसम्बर 2026 तक प्रभावी रहेगा।

# शासन के निर्देश पर किसानों को बड़ी राहत, सत्यापन लंबित होने पर भी गेहूं क्रय जारी रहेगा

### जिलाधिकारी ने दिए निर्देश किसानों को किसी भी स्थिति में असुविधा न हो, खरीद प्रक्रिया रहे निर्बाध

(यंग भारत न्यूज)

**उरई (जालौन)।** शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में गेहूं खरीद व्यवस्था को और अधिक सरल एवं किसान हितैषी बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लागू किया गया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा जारी नवीन आदेशों के अनुपालन में अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिन किसानों के पंजीकरण विवरण का सत्यापन अभी लंबित है, उनके गेहूं क्रय में किसी प्रकार की बाधा न आने दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन द्वारा यह व्यवस्था लागू की गई है कि यदि किसी किसान का पंजीकरण सत्यापन किसी कारणवश पूर्ण नहीं हो पाया है, तो भी संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी किसानों से आवश्यक अभिलेखों जैसे कंप्यूटरीकृत खतौनी, आधार कार्ड, पहचान पत्र आदि के आधार पर स्वयं सत्यापन करते हुए गेहूं खरीद सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था 30 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रूप से लागू रहेगी, जिससे किसी भी पात्र किसान को अपनी उपज बेचने में कठिनाई का सामना न करना पड़े। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि किसानों के पंजीकरण से संबंधित भूमि एवं अन्य विवरणों का अंतिम सत्यापन बाद में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस व्यवस्था का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि किसानों में किसी प्रकार की भ्रम की स्थिति न बने और वे निर्भीक होकर अपने नजदीकी क्रय केंद्रों पर गेहूं विक्रय कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता, समयबद्धता एवं सुगमता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा पात्र30 अभ्यर्थियोंकोनि : शुल्क विद्युतचालित चाक वितरित किए जाएंगे इसके लिए 25 मई तक आनलाइन आवेदन करे

(यंग भारत न्यूज)

**उरई।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आर0डी0 वर्मा ने बताया कि उ0प्र0 माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटी कला टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत माटी कला के कार्य से जो प्रजापति समाज के परम्परागत कामगारों / हस्तशिल्पियों के द्वारा किये जा रहे है। उनके लिये योजनान्तर्गत निःशुल्क विधुत चलित चाक वितरण के आवेदन पत्र 15.05.2026 तक आनलाईन आमन्त्रित किये जाते है। योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में 30 कामगारों / हस्तशिल्पियों को चाक वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना की पात्रता निम्नलिखित है- लाभार्थी इस जनपद का मूल रूप से निवासी हो, शैक्षणिक योग्यता साक्षर हो, आधार कार्ड, राशनकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र एवं माटीकला का कार्य करते हुए एक फोटोग्राफ आवेदन पत्र के साथ लगाना अनिवार्य है। आवेदक की उम्र 18 से 55 वर्ष हो एवं वर्तमान समय में मिट्टी का बर्तन बनाने का कार्य कर रहे हों, वे लाभार्थी upmatikalaboard.in पर योजनायें ऑपसन पर क्लिक कर माटी-कला टूल किट्स वितरण योजना पर आवेदन कर सकते है। उपरोक्त तिथि के अन्दर अविलम्ब इस कार्यालय में आनलाईन आवेदन पत्र जमा करना अनिवार्य है। प्राप्त आवेदन पत्रों पर जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से लाभार्थियों का चयन किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये जिला ग्रामोद्योग कार्यालय जालौन स्थान उरई (नया पटेल नगर चुर्खी रोड कलेक्ट्रेट गेट नं0 02 के सामने उरई) में सम्पर्क करें। सम्पर्क सूत्र 9580503138.

# सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की धज्जियां उड़ाकर देर रात तक बजते डीजे ने दो शादियों की खुशियों को बदला खूनी संघर्ष में

## निर्धारित समय के बाद भी बज रहा था तेज आवाज में संगीत, मुकदमा कायम, घायल अस्पताल में

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** कानून और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को ठेंगा दिखाकर रात भर बजने वाले डीजे ने अंततः एक बड़ी घटना को जन्म दे दिया। नगर के मोहल्ला तोपखाना में रात 10 बजे के बाद भी बजते शोरगुल के बीच दो पक्षों में ऐसी 'जंग' छिड़ी कि बाराती और घराती मेहमानों की जगह लाठी-डंडे और पत्थर चलने लगे। यह पूरी घटना प्रशासन की उस शिथिलता का परिणाम है, जिसके कारण प्रतिबंधित समय के बाद भी तेज आवाज में संगीत बजता रहता है



### दो शादियां और एक विवाद

जानकारी के अनुसार, शिवानी गार्डन गेस्ट हाउस में अरुण प्रताप सिंह और निकट ही डॉ. अंबेडकर इंटर कॉलेज में कढ़ोरे राठौर के यहाँ विवाह समारोह संपन्न हो रहे थे। सुप्रीम कोर्ट का सख्त निर्देश है कि रात 10 बजे के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं होगा, लेकिन यहाँ आधी रात के बाद भी डीजे की धमक गूंज रही थी। इसी बीच, गानों की फरमाइश या आवाज को लेकर दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए।

### बेल्ट, लाठी और पत्थरों से हमला

विवाद ने कुछ ही मिनटों में हिंसक रूप ले लिया। शादी की खुशियां उस वक्त काफूर हो गईं जब दोनों तरफ से लोग बेल्ट, लाठी और डंडे लेकर एक-दूसरे पर टूट पड़े। सड़कों पर पत्थर चलने लगे, जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। इस उपद्रव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ती साफ देखी जा सकती हैं।

### पुलिस की सक्रियता और कार्रवाई

हंगामे की सूचना पर जब पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुँची, तो उपद्रव कर रहे लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। हालांकि अभी तक किसी पक्ष ने औपचारिक तहरीर नहीं दी है, लेकिन सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सख्त निर्देश दिए हैं।

> सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया: 'मामले का संज्ञान लिया गया है और रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और वायरल वीडियो के जरिए पत्थरबाजी और मारपीट करने वालों की पहचान की जा रही है। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।'

### बड़ा सवालः जिम्मेदार कौन

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन ने रात 10 बजे के बाद डीजे बंद करवाने के नियमों का कड़ाई से पालन कराया होता, तो यह नौबत ही नहीं आती। अब पुलिस सीसीटीवी के जरिए आरोपियों की धरपकड़ में जुटी है।

# क्या सच में राजकीय मेडिकल कॉलेज में गर्भवती की संदिग्ध मौत ?

( यंग भारत न्यूज )



- परिजनों ने लगाया गंभीर आरोप, डॉक्टरों पर लापरवाही करने और दबाव बनाकर लाश को बिना विधिक कार्यवाही के भिजवा देने का आरोप ?
- नेताओं की मध्यस्थता में समझौते की चर्चा, क्या होगी प्रकरण की जांच ?
- अगर सच निकले आरोप तो मेडिकल के प्रसूति विभाग पर लगेगा बड़ा कलंक ?

**उरई ( जालौन )।** राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रसूति विभाग में एक 25 वर्षीय नवविवाहित गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। मृतका की पहचान नैंसी के रूप में हुई है, जिसे बीती रात में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने तत्काल भर्ती तो कर लिया, लेकिन सुबह होते-होते उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण उनकी बहू की जान गई। सुबह जब नैंसी की मौत की खबर फैली, तो परिवार के लोग बदहवास हालत में अस्पताल परिसर में इधर-उधर भागते नजर आए। उन्होंने रोते-बिलखते हुए चिकित्सकों पर गंभीर आरोप लगाए और न्याय की मांग की। देखते ही देखते मेडिकल कॉलेज के बाहर भीड़ जुटने लगी। परिजनों के साथ अन्य रिश्तेदार और स्थानीय लोग भी आक्रोशित हो गए। माहौल तनावपूर्ण होता देख प्रसूति विभाग के डॉक्टर और उनके सहयोगी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और विवाद चलता रहा। सूत्रों के अनुसार, मामला बढ़ता देख कुछ प्रभावशाली लोगों और नेताओं की एंट्री हुई। इसके बाद अस्पताल परिसर में ही दोनों पक्षों के बीच बंद कमरे में बातचीत हुई। इस गोपनीय वार्ता के बाद मामला अचानक शांत हो गया और परिजन बिना किसी औपचारिक शिकायत के नैंसी का शव लेकर चुपचाप वहां से चले गए। इस घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप लग रहे हैं कि प्रसूति विभाग के डॉक्टरों ने प्रभावशाली लोगों की मध्यस्थता में पीड़ित परिवार से समझौता कर लिया। चर्चा यह भी है कि समझौते के तहत आर्थिक लेन-देन हुआ, जिसके चलते परिवार ने कानूनी कार्रवाई से पीछे हटने का फैसला लिया। हालांकि, इस पूरे मामले पर कोई भी डॉक्टर खुलकर कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। अस्पताल के रिकॉर्ड में 8 बजे मरीज की एंट्री दर्ज होने की बात सामने आई है, लेकिन आरोप है कि जिम्मेदारों ने पूरे घटनाक्रम को दबाने की कोशिश की और दस्तावेजों में भी गड़बड़ी की गई है। यह मामला अब न केवल चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता पर भी गंभीर चिंताएं पैदा कर रहा है। एक बड़े सरकारी संस्थान में हुई इस मौत की निष्पक्ष जांच होगी या मामला प्रभावशाली लोगों के दबाव में दबा दिया जाएगा, यह देखने वाली बात होगी। फिलहाल, इस घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था की जवाबदेही और मरीजों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर बहस छेड़ दी है।

# रंजिश के चलते युवक ने युवती की पिटाई कर दी

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** रंजिश के चलते युवक ने युवती की पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी नगमा ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले का ही शानू उसके परिवार से रंजिश मानता है। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करता रहता है। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन मानने को तैयार नहीं है। आरोप लगाया कि बुधवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभी शानू वहां आया और गाली, गलौज करने लगा। मना करने पर पिटाई कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की है।

# कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का वर्णन हुआ

( यंग भारत न्यूज )




**जालौन-उरई।** नाना महाराज मन्दिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का वर्णन हुआ। कथा व्यास पंडित प्रदीप तिवारी ने बताया कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत, भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उसे वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती हैं।

अयोध्या धाम छावनी के संत महंत नृत्यगोपाल दासजी के सानिध्य में संचालित नाना महाराज मंदिर में आयोजित भागवत कथा में छठवे दिन भगवताचार्य पंडित प्रदीप तिवारी ने भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। कहा कि आस्था और विश्वास से भगवत प्राप्ति आवश्यक हैं। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी हैं। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। कहा कि जो भगवतप्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। इस मौके पर महंत विजयराम दास, राधारमण, पंडित श्रीराम दौहालिया, अरविंद गुप्ता बीनू आदि रहे।

# बिना मान्यता काफी समय से चल रहे स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई, तीन संस्थान सील

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद।** जनपद जालौन में अवैध रूप से संचालित विद्यालयों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को विशेष अभियान चलाया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में तीन विद्यालयों को सील कर दिया गया, जिससे क्षेत्र में संचालित अन्य अमान्य स्कूलों में खलबली मच गई है।

अभियान के दौरान एसडीएम जालौन हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेंद्र बाजपेई एवं खंड शिक्षा अधिकारी कुठौंद रंगनाथ चौधरी के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम ने सिरसा कलार क्षेत्र में औचक निरीक्षण किया। जांच में मान्यता संबंधी अभिलेख न मिलने पर आरजेपी पब्लिक स्कूल, शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल तथा पीएस चंदेल मेमोरियल एकेडमी को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सिरसा कलार के प्रभारी निरीक्षक परविंदर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। प्रशासनिक टीम ने पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से पूरी की। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना मान्यता संचालित विद्यालयों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों का प्रवेश केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों में ही कराएं, जिससे उनके भविष्य के साथ किसी प्रकार का जोखिम न हो।

# पारिवारिक कलह का सुखद अंतः जालौन पुलिस ने 'मिशन शक्ति' के तहत बिखरते परिवार को जोड़ा

( यंग भारत न्यूज )




**जालौन।** पुलिस के 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत जालौन पुलिस ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एक टूटते परिवार को फिर से जोड़ दिया है। मामला थाना कोतवाली जालौन का है, जहाँ आज दिनांक 22 अप्रैल 2026 को ग्राम हरीपुरा निवासी श्रीमती कुसुमा (पत्नी अजयपाल) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पति शराब पीकर उनके साथ मारपीट करते हैं और पैसे छीन लेते हैं।

शिकायत मिलते ही मिशन शक्ति केंद्र के प्रभारी उप-निरीक्षक संजय त्यागी और महिला आरक्षी दीपिका सिंह ने मामले में त्वरित संज्ञान लिया। पुलिस ने पति अजयपाल को थाने बुलाकर काउंसलिंग की। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विकास मिश्रा भी मौजूद रहे। पुलिस की समझाइश के बाद अजयपाल को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने भविष्य में कभी शराब न पीने व पत्नी के साथ सम्मानपूर्वक रहने का आश्वासन दिया। दोनों पक्ष आपसी सहमति से पुनः साथ रहने को तैयार हो गए, जिससे शिकायतकर्ता कुसुमा संतुष्ट नजर आईं। इस सराहनीय कार्य को अंजाम देने वाली मिशन शक्ति टीम में उप-निरीक्षक संजय त्यागी, महिला उप-निरीक्षक मधु देवी और महिला आरक्षी दीपिका सिंह शामिल रहे। पुलिस की इस पहल ने सिद्ध कर दिया कि 'मिशन शक्ति' न केवल पीड़ितों को न्याय दिला रहा है, बल्कि बिखरते परिवारों को एक नई उड़ान भी दे रहा है।

# हाई टेंशन लाइन में फाल्ट होने से बिजली सप्लाई प्रभावित

( यंग भारत न्यूज )



**( जालौन )** गर्मी भीषण गर्मी तथा लू लपट के गर्म हवा चलने वजह से बिजली के लाइनों में फाल्ट आने की घटनाएं शुरू हो गई है। बुधवार को की दोपहर को हाई टेंशन लाइन में फाल्ट आने के कारण कालपी क्षेत्र की बिजली आपूर्ति व्यवस्था रुक गई। विभागीय कर्मचारियों के द्वारा हाई टेंशन लाइन की पेट्रोल का कर तेजी से कराया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक विद्युत प्रशिक्षण केंद्र सरसेला से विद्युत सब स्टेशन कालपी के लिए हाई टेंशन लाइन जंगलों से होकर गुजरी हुई है। गर्मी के मौसम में लू लपट चलने तथा तेज हवाओं के कारण हाई टेंशन लाइन के तारों के चिपकने से फाल्ट की समस्या उत्पन्न हो रही है। बुधवार की दोपहर करीब 1:00 बजे हाई टेंशन लाइन में फाल्ट आ गया। फल स्वरुप कालपी क्षेत्र की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरीके से ठीक हो गई। उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह सचान ने बताया कि सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से इंजीनियर सत्य प्रकाश गौतम, नवीन सचान, अभिषेक धीर, की टीमों को मौके पर भेजा गया है। सभी टीम पेट्रोलिंग करने में जुटी हुई है। भरोसा किया है जैसे ही हॉट मिलते ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था को तुरंत बहाल कर दिया जाएगा। इधर भीषण गर्मी में बिजली दूर हो जाने की वजह से पंखे कूलर जवाब दे गए तथा नागरिक भीषण गर्मी में झुलसे हुए नजर आए।

# चार दिनों से लापता रिक्शा चालक, घर में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** रोजी-रोटी की खातिर रिक्शा लेकर घर से निकला एक युवक बीते चार दिनों से लापता है, जिससे परिवार में किसी अनहोनी की आशंका को लेकर कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने पुलिस से सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है।

पूरा मामला ग्राम गढ़ा का है, यहाँ की निवासी आरती ने बताया कि उसके पति आकाश (35) बीते 18 अप्रैल की सुबह रिक्शा चलाने की बात कहकर घर से निकले थे। जब देर शाम तक वह वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। सगे-संबंधियों और दोस्तों के यहाँ काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कोई पता नहीं चला, तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है और लापता युवक की तलाश में जुट गई है।

# शिक्षा माफियाओं पर बड़ी कार्रवाईः तीन मान्यता विहीन स्कूल सील, प्रशासन की सख्ती से मचा हड़कंप

## शासन के निर्देश पर अवैध निजी विधायलयो पर चल रहा है डंडा

( यंग भारत न्यूज )




**जालौन** शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने और अवैध रूप से चल रहे शिक्षण संस्थानों पर नकेल कसने के लिए जिला प्रशासन ने आज एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिलाधिकारी श्री राजेश कुमार पांडेय के कड़े निर्देशों के अनुपालन में संयुक्त टीम ने सिरसा कलार क्षेत्र में छापेमारी कर बिना मान्यता के संचालित हो रहे तीन स्कूलों को सील कर दिया है।

**ममम संयुक्त टीम ने की छापेमारी**

अमान्य विद्यालयों के विरुद्ध चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत एसडीएम जालौन श्री हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी श्री शैलेंद्र बाजपेई और खंड शिक्षा अधिकारी (कुठौंद) श्री रंगनाथ चौधरी की एक संयुक्त टीम गठित की गई थी। इस टीम ने स्थानीय पुलिस बल के साथ मिलकर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।

**ममम इन स्कूलों पर गिरी गाज**

जांच के दौरान मान्यता संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने और नियमों के उल्लंघन के चलते निम्नलिखित विद्यालयों के विरुद्ध सीलिंग की कार्रवाई की गई:

1. आरजेपी पब्लिक स्कूल, सिरसा कलार
2. शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल, सिरसा कलार
3. पीएस चंदेल मेमोरियल एकेडमी, सिरसा कलार

इस पूरी कार्रवाई के दौरान सिरसा कलार के प्रभारी निरीक्षक श्री परविंदर सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ तैनात रहे, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

**ममम प्रशासन की चेतावनी और अपील**

प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि जनपद में बिना मान्यता के किसी भी स्कूल को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। यदि कोई संस्थान अवैध रूप से चलता पाया गया, तो उसके विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार की कठोर दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

> अभिभावकों के लिए संदेश: > जिला प्रशासन ने सभी अभिभावकों से भी अपील की है कि वे अपने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न करें। बच्चों का प्रवेश केवल उन्हीं विद्यालयों में कराएं जिनके पास शासन द्वारा अनिवार्य मान्यता प्राप्त हो।

# मुलायम सिंह क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**उरई जालौन।** वुधवार को ग्राम जयरामपुर मे नेता जी मुलायम सिंह क्रिकेट प्रीमियर लीग का फाइनल मैच में बील्हापुर क्रिकेट टीम व जयरामपुर क्रिकेट टीमों के बीच खेला गया। कालपी तहसील के ग्राम जयरामपुर के मैदान में खेले गए मैच में जयराम पुर की टीम ने पहले खेलते हुए पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 15 ओबरों में 136 रन बनाये ।वही दूसरी पारी में बील्हापुर टीम ने जयरामपुर टीम को हरा कर फाइनल कप को जीत लिया ।

क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक अजीत सिंह यादव नगर अध्यक्ष कालपी ने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी। फाइनल मैच में मुख्यातिथि के तौर पर पधारे सपा के जिला पंचायत सदस्य ब्रजमोहन उर्फ बबलू अहिरवार ने दोनों टीमो को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। तथा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। टूर्नामेंट में नन्ना अहिरवार , मटरू अहिरवार , सत्यपाल यादव , पप्पू यादव , सर्वेश अहिरवार ,रंधावन अहिरवार, विशाल अहिरवार, अभिषेक यादव अमित कुमार,नितिन यादव ,शिवम् कुमार सर्वेश जयरामपुर रंधावन अहिरवार, विशाल अहिरवार, अभिषेक यादव,अमित कुमार नितिन यादव ,शिवम् कुमार प्रियांशु यादव,होरी लाल आदि लोग मौजूद

# पत्नियों के बीच हुए विवाद के बाद पतियों के बीच आपस में हुई मारपीट

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** पत्नियों के बीच हुए विवाद के बाद पतियों के बीच आपस में मारपीट हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी भानुप्रताप सिंह व उदयवीर की पत्नियों के बीच बुधवार की सुबह विवाद हो गया था। विवाद की बात जब उनके पतियों को पता चली तो उनके बीच गाली, गलौज व हाथापाई होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने समझाने का प्रयास किया। न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# निशा के परिवार से मिलने जा रहे सपा प्रतिनिधि मंडल पर पथराव, गांव जाने से रोका, पूर्व मंत्री समेत कई घायल

( यंग भारत न्यूज )

**गाजीपुर** जिले के करंडा के कटारिया गांव में युवती की मौत के मामले में परिवार से मिलने पहुंचे सपा के प्रतिनिधि मंडल और ग्रामीणों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों से पत्थर चलने लगे जिसमें पूर्व मंत्री रामाश्रय विश्वकर्मा समेत कई लोगों को चोट लगी।

घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में लाया गया जहां डॉक्टरों ने इलाज किया। जानकारी के अनुसार बीते 15 अप्रैल को युवती रिता विश्वर्मा का शव गंगा नदी में मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई थी। लेकिन युवती के परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद से इस मामले को लगातार तूल दिया जा रहा है। जिसका ग्रामीण खुलकर विरोध कर रहे हैं। इसी क्रम में सपा का प्रतिनिधि मंडल सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, विधायक जैकिशन साहू, विधायक विरेंद्र यादव, जमानियां विधायक प्रतिनिधि मन्नू सिंह पूर्व मंत्री रामाश्रय विश्वकर्मा के नेतृत्व में पीड़ित परिवार से मिलने बुधवार को कटरियां गांव गया। लेकिन प्रतिनिधि मंडल के साथ सैकड़ों की संख्या में लोगों के होने पर ग्रामीणों ने इसका विरोध कर दिया।



### पुलिस फोर्स भी हुई पथराव की शिकार

ग्रामीणों का कहना था कि मामले पर राजनीति न की जाए और केवल प्रतिनिधि मंडल के लोग ही मिलने जाए। इसी बात को लेकर सपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच जमकर पथराव हुआ। इस पथराव में पूर्व मंत्री रामाश्रय विश्वकर्मा समेत सपा के कई नेता, कार्यकर्ता और ग्रामीण घायल हो गए। सभी का मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में इलाज किया गया। वहीं स्थिति को नियंत्रित करने पहुंची पुलिस टीम के कई जवान भी चोटिल हुए हैं। मौके पर सीओ सिटी शेखर सेंगर, कोतवाल महेंद्र सिंह, करंडा इंस्पेक्टर समेत कई थानों की फोर्स मौजूद है।

### दो दिन पहले सपाइयों ने किया था प्रदर्शन

गाजीपुर के कटरिया गांव की लड़की निशा विश्वकर्मा की मौत के मामले और समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव रीता विश्वकर्मा के साथ दुर्व्यवहार को लेकर सपा ने सोमवार को सरजू पांडेय पार्क पर प्रदर्शन किया था। इसके बाद जुलूस निकालकर डीएम और एसपी के यहां गए और शिकायती पत्र सौंपा।

### पीड़ित परिवार से मिला था भाजपा का प्रतिनिधि मंडल

करंडा थाना क्षेत्र के कटरिया ग्राम में बीते 15 मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई 16 वर्षीय नीशा विश्वकर्मा की मौत के मामले में मंगलवार को भाजपा का प्रतिनिधिमंडल परिजनों से मिला था। भाजपा वाराणसी जिलाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा ने परिजनों से बातचीत करते हुए आश्वस्त किया कि दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल ने नीशा के पिता सियाराम विश्वकर्मा और अन्य परिजनों से मिलकर पूरी घटना की जानकारी लिया। एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार में कानून का राज है और अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं इस पूरे मामले पर लगातार नजर बनाए हुए हैं और संबंधित उच्चाधिकारियों से नियमित संपर्क में हैं, ताकि जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

# भाजपा से बागी हुए पूर्व प्रत्याशी अखिलेश पाठक सपा में शामिल

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** विधानसभा चुनाव आते आते जनपद की राजनीति में बड़े बदलाव शुरू हो गए हैं। पूर्व भाजपा नेता और ब्राह्मण चेहरे के रूप में पहचान रखने वाले अखिलेश पाठक ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है।



राजधानी लखनऊ स्थित सपा प्रदेश कार्यालय में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस दौरान अखिलेश पाठक ने अखिलेश यादव को चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत भी किया। अखिलेश पाठक 2012 में भाजपा के टिकट पर शाहाबाद विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। इसमें वह तीसरे स्थान पर रहे थे। वर्ष 2017 में भी उन्होंने टिकट की दावेदारी की, लेकिन पार्टी ने बसपा से आईं पूर्व विधायक रजनी तिवारी को भाजपा का टिकट दे दिया। बाहरियों को टिकट देने पर बगावत पर उतारू भाजपा नेता को प्रदेश स्तरीय नेताओं ने मना लिया पर 2022 के विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने पर वह बागी होकर चुनाव मैदान में उतरे पर चुनाव जीत न सके। इसके बाद पार्टी ने उनसे दूरी बना ली। भाजपा में रहते हुए अखिलेश पाठक जिला उपाध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। अब सपा में शामिल होने के बाद उनकी नई भूमिका क्या होगी, इस पर चर्चा तेज है। माना जा रहा है कि वह सवायाजपुर विधानसभा सीट से दावेदारी कर सकते हैं।

# कानपुर 'किडनी कांड' में बड़ा खुलासा, 12वीं पास शख्स ने किए 13 अवैध ट्रांसप्लांट

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** कानपुर का चर्चित 'किडनी कांड' इंसानियत को झकझोर देने वाला मामला बनकर सामने आया है, जहां लोगों की जान से खिलवाड़ कर अवैध तरीके से किडनी ट्रांसप्लांट किए गए। इस मामले में पुलिस की गिरफ्त में आए ओटी मैनेजर मुदस्सर अली सिद्दीकी उर्फ 'डॉ अली' ने पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।



जानकारी के मुताबिक, थाना रावतपुर में दर्ज एफआईआर में शुरुआत में मुदस्सर अली का नाम शामिल नहीं था, लेकिन जांच आगे बढ़ने पर उसे आरोपी बनाया गया। 16 मार्च को उसे कानपुर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। बाद में पुलिस रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में उसके अवैध कामों का पर्दाफाश हुआ।पूछताछ में अली ने कबूल किया कि उसने बिना किसी मेडिकल डिग्री के अब तक 13 किडनी ट्रांसप्लांट किए। इनमें से 3 ऑपरेशन मेरठ में और 10 कानपुर के अलग-अलग अस्पतालों में किए गए। इन अवैध ऑपरेशनों के दौरान दो मरीजों की मौत भी हो चुकी है। जांच में सामने आया कि अली मूल रूप से दिल्ली के उत्तम नगर का रहने वाला है और मेरठ के एक अस्पताल में ओटी मैनेजर के रूप में काम करते हुए उसने ऑपरेशन करना सीखा। इसके बाद उसने रोहित तिवारी नाम के व्यक्ति के साथ मिलकर एक गिरोह बना लिया और कानपुर के कई निजी अस्पतालों में अवैध ट्रांसप्लांट का नेटवर्क खड़ा कर लिया। पुलिस के अनुसार, केशवपुरम स्थित आहूजा अस्पताल, मेडलाइफ अस्पताल और स्वरूप नगर के रमाशिव अस्पताल में इन गैरकानूनी ऑपरेशनों को अंजाम दिया गया। साल 2023 में एक मरीज की मौत रमाशिव अस्पताल में हुई थी, जबकि नवंबर 2025 में मेडलाइफ अस्पताल में ट्रांसप्लांट के बाद एक महिला की बाद में दिल्ली के अस्पताल में मौत हो गई। यह मामला सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की बड़ी विफलता को उजागर करता है। अब तक इस मामले में डॉक्टर दंपती सहित 11 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। पुलिस गिरोह के सरगना रोहित तिवारी और कथित दलाल शिवम अग्रवाल को रिमांड पर लेकर आगे की जांच की तैयारी कर रही है, ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी पर्दाफाश किया जा सके।

# 'कीपैड के बहाने मेरे स्तन छूता था, आसिफ मुजे नीचे.', TCS की महिला कर्मचारी बोली- मेरे भगवान का गालियां दीं

( यंग भारत न्यूज )

देश की प्रमुख आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) के नासिक स्थित बीपीओ सेंटर से सामने आए एक बेहद गंभीर और चिंताजनक मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है।

यह मामला न केवल यौन उत्पीड़न का है, बल्कि धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और कार्यस्थल पर मानसिक उत्पीड़न के आरोपों से भी जुड़ा है। जुलाई 2024 में ज्वाइन करने वाली एक महिला कर्मचारी ने अपने साथ काम करने वाले सहकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने बताया कि उसके साथ शारीरिक, मानसिक और यौन उत्पीड़न की घटनाएं लगातार होती रहीं। पीड़िता का कहना है कि ऑफिस के भीतर न सिर्फ उसकी शारीरिक बनावट को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की जाती थीं, बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी आहत किया गया और देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ।



### 'कीपैड के बहाने मेरे स्तन छूता था आसिफ

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, महिला कर्मचारी ने अपनी शिकायत में विशेष रूप से शफी शेख पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने बताया कि एक दिन शफी शेख अचानक उसके पास आकर बैठ गया और अपने पैरों से उसके पैरों को छूने का प्रयास किया। इसके बाद उसने कीपैड का बहाना बनाकर उसके साथ अनुचित तरीके से गलत हरकतें कीं। जब उसने इसका विरोध किया, तो आरोपी मुस्कुराते हुए वहाँ से चला गया। पीड़िता ने बताया कि यह घटनाएं अचानक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे बढ़ती रहीं। शुरुआत में तो वह असहज महसूस करती थी, लेकिन बाद में स्थिति और भी गंभीर हो गई।

### ट्रेनिंग सेशन के दौरान बार-बार होता था यौन उत्पीड़न

उसके अनुसार, सितंबर 2024 में एक ट्रेनिंग सेशन के दौरान स्थिति और भी स्पष्ट हो गई। आसिफ अंसारी अक्सर उसके सामने खड़ा होकर घूरता था और उसके शरीर को लेकर आपत्तिजनक और यौन संकेत वाले कमेंट करता था। साथ ही, आरोप है कि आसिफ अंसारी और एक अन्य कर्मचारी अत्तार मिलकर उसके शरीर और पहनावे पर अभद्र टिप्पणियां करते थे, जिससे कार्यस्थल का माहौल अत्यंत डरावना और असहज हो गया।

### देवी-देवताओं का अपमान करते थे

फरवरी 2026 में मामला केवल शारीरिक उत्पीड़न तक सीमित नहीं रहा। महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया कि आरोपी तौसीफ अत्तार ने हिंदू धर्म की धार्मिक पुस्तकों जैसे रामायण और महाभारत का उल्लेख करते हुए, देवी-देवताओं का अपमान किया। उसने बताया कि आरोपी उसकी व्यक्तिगत जिंदगी और बच्चों को लेकर भी ऐसे सवाल पूछते थे, जो उसकी धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले थे। धीरे-धीरे उसके लिए कार्यस्थल का माहौल मानसिक रूप से असहनीय हो गया। पीड़िता का आरोप है कि अधिकतर शिकायतें दबाने की कोशिश की गई और आरोपी कर्मचारी बेखौफ होकर यह हरकतें जारी रखते थे क्योंकि उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त था। उसने कहा कि असिस्टेंट जनरल मैनेजर स्तर के कुछ अधिकारियों ने शिकायतें आगे बढ़ाने से कर्मचारियों को रोका और आरोपियों को बचाने का प्रयास किया। इस मामले में अब तक कुल नौ एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें ऑपरेशंस मैनेजर अश्विनी चैनानी का नाम भी शामिल है। वहीं, निदा खान, जो मुंबई में है, उसकी अंतरिम जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी है। TCS की ओर से कहा गया है कि 2022 से 2026 के बीच नासिक बीपीओ सेंटर से उन्हें कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है। कंपनी का दावा है कि शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया था और उन पर उचित कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, पुलिस की जांच में यह सामने आया है कि कई मौखिक शिकायतों को नजरअंदाज किया गया और दबाव में रखा गया था। फिलहाल, मामले की पूरी जांच चल रही है और पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई कर रही है।

# 40 वार और आंतें बाहर... मुरादाबाद में मकान के विवाद ने ली दो जानें, गुस्साई भीड़ ने लगाया जाम, बुलडोजर की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस के चक्कर की मिलक में दंपती की हत्या करने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। चक्कर की मिलक चौराहे पर भीड़ एकत्र होने पर पुलिस दंपती के शव दूसरे रास्ते से लेकर घर पहुंच गई।



उधर जाम लगाकर लोग हंगामा करने लगे। आरोपितों के घरों पर बुलडोजर और पुलिस ने जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित मुहल्ला नाला (चक्कर की मिलक) में सोमवार रात मकान के 40 हजार रुपये के विवाद में राजा और उसकी पत्नी फराह की तीन लोगों ने घर में घुसकर चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। राजा ने पड़ोसी फहीम से एक साल पहले एक कमरे का मकान 2.26 लाख रुपये में खरीदा था। दो लाख रुपये दे दिए थे। बाकी रुपये मकान की रजिस्ट्री होने पर देने की बात तय हुई थी। अब राजा रुपये देकर मकान की रजिस्ट्री कराना चाहता था, लेकिन आरोपित फहीम नए रेट के तहत 40 हजार रुपये मांग रहा था। इसी बात को लेकर रविवार की शाम भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। सोमवार की रात फहीम के बेटे फरजंद ने राजा के घर में घुसकर राजा और उनकी पत्नी फराह की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने राजा के भाई शुऐब के शिकायती पत्र पर फहीम, आरिफ, नवाब, फरजंद, अनस और फहीम के भतीजे के खिलाफ प्राथमिकी लिखी थी। पुलिस ने आरोपित फहीम को गिरफ्तार कर लिया है। उधर मंगलवार की शाम पुलिस पोस्टमार्टम कराने के बाद दंपती के शवों को लेकर चली तो भीड़ पहले से ही चक्कर की मिलक चौराहे पर एकत्र हो गई और जाम लगा दिया। इस बात की जानकारी मिलने पर पुलिस डीआइजी मुनिराज जी के कार्यालय के सामने होकर शवों को लेकर मृतकों के घर पहुंच गई। जाम की सूचना पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह पुलिस और पीएसी के साथ पहुंच गए। उन्होंने एक आरोपित की गिरफ्तारी होने की जानकारी देकर जल्द ही अन्य आरोपितों को गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर एक घंटे बाद जाम खुलवाया।

# कैसी मदद खुद बताएं पीएम! ': मोदी के 'दोस्त' वाले बयान पर बुरी तरह भड़के अखिलेश यादव, दे डाला बड़ा बयान

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली।** प्रदेश की सियासत में इन दिनों बयानों के तीखे तीर चल रहे हैं। समाजवादी पार्टी (सपा) के मुखिया और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस टिप्पणी पर कड़ा जवाब दिया है, जिसमें पीएम ने उन्हें अपना 'मित्र' बताया था। अखिलेश ने दो टूक शब्दों में कह दिया है कि उन्हें ऐसे दोस्तों की रत्ती भर भी जरूरत नहीं है। इस बयान के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है। दरअसल, मामला कुछ दिन पहले का है जब लोकसभा में अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अखिलेश यादव का जिक्र किया था। पीएम मोदी ने हल्के-फुल्के अंदाज में अखिलेश को अपना दोस्त बताते हुए कहा था कि 'अखिलेश मेरे मित्र हैं और वह कभी-कभी मेरी मदद भी कर देते हैं।' अब इसी 'मदद' वाले दावे को लेकर अखिलेश यादव ने पीएम को कटघरे में खड़ा कर दिया है।



### ओबीसी कार्ड और पीएम मोदी की वह 'दोस्ती'

संसद के भीतर जब सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने यह जिक्र किया कि वे ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदाय से आते हैं और सभी के हितों का ख्याल रखना उनका कर्तव्य है, तब पीएम मोदी ने उन्हें धन्यवाद देते हुए अखिलेश यादव पर यह मजाकिया टिप्पणी की थी। हालांकि, मंगलवार को जब लखनऊ में मीडिया ने अखिलेश से इस बारे में सवाल पूछा, तो सपा प्रमुख का अंदाज काफी तल्ख नजर आया। उन्होंने प्रधानमंत्री के इस दावे के पीछे के आधार पर ही सवाल उठा दिए।

### अखिलेश का करारा जवाबः 'कैसी मदद? प्रधानमंत्री खुद बताएं! '

अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि यह वाकई एक बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल है, लेकिन सदन के भीतर हमारा माइक बंद कर दिया गया था। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि हमें ऐसे दोस्तों की बिल्कुल जरूरत नहीं है। अखिलेश ने आगे चुनौती देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को खुद यह साफ करना चाहिए कि वह आखिर किस तरह की मदद की बात कर रहे थे। सपा प्रमुख ने कहा कि जहां तक मदद के दावे की बात है, तो अगर आप खुद प्रधानमंत्री से पूछेंगे कि मैंने उन्हें क्या मदद दी है, तो उसका जवाब केवल वही दे सकते हैं। मेरी जानकारी में ऐसी कोई बात या मदद नहीं हुई है। इसके साथ ही यादव ने कार्यकर्ताओं और जनता को सतर्क रहने की चेतावनी देते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हार के डर से किसी भी हद तक गिर सकती है और कोई भी हथकंडा अपना सकती है।

# मायावती ने महिला आरक्षण पर स्पष्ट किया पार्टी का रुख, कार्यकर्ताओं को दी दिशा-निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपने विचार स्पष्ट करते हुए कार्यकर्ताओं को भ्रमित न होने की सलाह दी है। पार्टी ने यह स्पष्ट किया है कि 15 अप्रैल 2026 को लिया गया निर्णय अब भी लागू है। इसके साथ ही, संगठन को मजबूत करने और आगामी यूपी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुटने के निर्देश दिए गए हैं।




मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि वह पार्टी के कार्यों के सिलसिले में दिल्ली जा रही हैं और जल्द ही लौटेंगी। उन्होंने कहा कि पिछले महीने 31 मार्च को लखनऊ में हुई बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक है, जिसमें पार्टी का जनाधार बढ़ाने और आर्थिक मजबूती पर जोर दिया गया था। बैठकों में यह भी बताया जाना चाहिए कि यूपी में अब तक बने एक्सप्रेस-वे और नोएडा में एयरपोर्ट जैसे जनहित के कार्यों की योजना बीएसपी की सरकार में बनाई गई थी। मायावती ने कहा कि यदि केंद्र की कांग्रेस सरकार ने जातिवादी मानसिकता के चलते रुकावटें नहीं डाली होती, तो ये कार्य और भी तेजी से पूरे होते। उन्होंने कहा कि यूपी के विकास और समाज के सभी वर्गों की उन्नति के लिए बीएसपी का शासन ही सही दिशा में आगे बढ़ सकता है। इसके लिए 'कानून द्वारा कानून का राज' की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि लखनऊ में 22 फरवरी को हुई बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करना जरूरी है। मायावती ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर पार्टी का स्टैंड 15 अप्रैल वाला ही है और इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इस मुद्दे पर गुमराह न हों और अनुशासन के अनुसार कोई धरना-प्रदर्शन न करें। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को एक महत्वपूर्ण कदम बताया, लेकिन यह भी कहा कि इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सामाजिक संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। यदि महिला आरक्षण में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए अलग से कोटा नहीं दिया गया, तो वंचित वर्ग की महिलाओं को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। मायावती ने यह स्पष्ट किया कि महिलाओं का सशक्तिकरण तभी संभव है जब सभी वर्गों की महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उनका मानना है कि महिलाओं की जनसंख्या के अनुपात को देखते हुए उन्हें पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए और कमजोर वर्गों की महिलाओं के हितों की सुरक्षा भी आवश्यक है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 6 | 5 | 0 | 11 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 8 |
| राजस्थान | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 6 | 3 | 3 | 6 |
| गुजरात | 6 | 3 | 3 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| लखनऊ | 6 | 2 | 4 | 4 |
| कोलकाता | 7 | 1 | 5 | 3 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



हेनरिक क्लासेन — 283 रन — हैदराबाद

अंशुल कंबोज — 13 विकेट — चेन्नई

## खबर संक्षेप

### कांगो गोल्फ टूर्नामेंट: संयुक्त बढ़त पर तुषार और मन्नत



**लुबुम्बाशी।** युवा गोल्फर तुषार पन्नू और मन्नत बरार ने एएम ग्रीन आईजीपीएल आमंत्रण कांगो गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दिन छह अंडर 67 का समान स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। पिछले साल पेशेवर बनने वाले 21 वर्षीय पन्नू ने पांच बर्डी, एक ईगल और एक बोगी की जबकि हाल ही में महिला गोल्फ एसोसिएशन की पेशेवर बनी 19 वर्षीय बरार ने पहले दौर में एक भी बोगी नहीं की। इन दोनों के बाद सुखमन सिंह का नंबर आता है, जिन्होंने पांच अंडर 68 का स्कोर बनाया। वह अकेले तीसरे स्थान पर हैं जबकि अमन राज ने हरेंद्र गुप्ता संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। इन दोनों ने चार अंडर 69 का स्कोर बनाया। उदयन माने, मानव शाह और सैयद साकिब अहमद ने तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त छठे स्थान पर हैं।

### 19 सितंबर से सोनी पर स्ट्रीम होंगे एशियाई खेल




**नई दिल्ली।** सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया ने 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले 20वें एशियाई खेलों के प्रसारण के विशेष अधिकार हासिल किए हैं। प्रसारण अधिकार हासिल करने के संबंध में किए गए समझौते के अनुसार इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट का प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनलों पर किया जाएगा। इसे पूरे भारत और उपमहाद्वीप में सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा। भारत ने पिछले एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक हासिल किए थे और वह इस बार इससे बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। एशियाई खेलों में ओलंपिक में शामिल 32 खेलों सहित 41 खेलों में खिलाड़ी अपना भाग्य आजमाएंगे। इस बार इन खेलों में मिश्रित मार्शल आर्ट और सर्फिंग जैसे नए खेल भी शामिल किए गए हैं। इसके अलावा एशियाई खेलों में क्रिकेट, टेनिस, ईस्पोर्ट्स, कबड्डी, सेपक टकरा और कुराश जैसे खेल भी शामिल हैं।

# तिलक को समझाने में आ गया था चक्कर : हार्दिक

अहमदाबाद

आईपीएल 2026 में सोमवार को नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटंस (जीटी) और मुंबई इंडियंस (एमआई) बीच खेले गए मुकाबले में फैंस को तिलक वर्मा का विस्फोटक और यादगार शतक देखने को मिला। तिलक ने अपने शतक के मुंबई को जीटी पर 99 रनों से जीत दिलाई और पिछले 4 मैचों में मिले हार के क्रम को तोड़ा। तिलक वर्मा मैच के दौरान एक समय बेहद धीमी बल्लेबाजी कर रहे थे। वह एक समय 22 गेंदों पर सिर्फ 19 रन बनाकर खेल रहे थे। इस समय ऐसा लग रहा था कि एमआई एक और हार की तरफ बढ़ रही है। तिलक वर्मा के साथ क्रीज पर कप्तान हार्दिक पांड्या मौजूद थे। हार्दिक ने तिलक को समझाया कि उन्हें कैसे खेलना है और वह क्या कर सकते हैं। इस दौरान हार्दिक तिलक पर गुस्से में नजर आए थे, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हार्दिक ने मैच के बाद खुलासा किया कि उन्होंने तिलक से क्या कहा था। हार्दिक ने कहा, मैंने उससे कहा कि तुम बस गेंद को देखो और हिट करो, चाहे कुछ भी हो। मुझे सच में लगता है कि उसके बल्ले से जिस तरह से गेंद निकलती है वह सच में कुछ खास है। समय आ गया था कि वह कुछ करे। हां, मुझे लगता है कि कुछ बार मैं इतनी जोर से चिल्लाया कि मुझे चक्कर आ गया। ग्रुप के लिए इसकी बहुत जरूरत थी।

### मुंबई इंडियंस को जीत की थी बहुत जरूरत

तिलक के लिए इसकी बहुत जरूरत थी। मुंबई इंडियंस के लिए इसकी बहुत जरूरत थी। एक कप्तान के तौर पर भी, उस तरह की एनर्जी चीजों को बदल देती है। हार्दिक के समझाने के बाद तिलक वर्मा ने ऐसी बल्लेबाजी की जो कभी-कभार ही देखने को मिलती है। ऐसा लग रहा था कि तिलक ने कप्तान की बात को अपनी अहम पर ले लिया और फिर उसके बाद सिर्फ छक्के और चौकों में बात करने लगे। 22 पर 19 वाले तिलक 45 गेंदों पर 101 पर पहुंच गए। इस दौरान बाएं हाथ के इस युवा बल्लेबाज ने 7 छक्के और 8 चौके मारे। यह तिलक का पहला आईपीएल शतक था जो लंबे समय तक याद रहेगा।




# वर्मा ने कहा- कप्तान बढ़ा रहे थे मेरा आत्मविश्वास

**अहमदाबाद।** मुंबई इंडियंस की पारी के दौरान जब तिलक वर्मा और हार्दिक पांड्या एक साथ बल्लेबाजी कर रहे थे, तो हार्दिक ने तिलक को ऊंची आवाज में बेहतर बल्लेबाजी के लिए प्रेरित किया था। मैच के बाद तिलक ने बताया कि आखिर कप्तान हार्दिक ने उनसे क्या कहा था। तिलक ने कहा, सब जानते हैं कि हार्दिक भाई बहुत एनर्जेटिक हैं। वह मेरा आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तुम कर सकते हो, तुम करोगे। मैंने उनसे बस शांत रहने के लिए कहा क्योंकि मुझे ध्यान केंद्रित करने की जरूरत थी। मैंने उन्हें भरोसा दिलाया कि मैं बाकी सब संभाल लूंगा। तिलक ने कहा, यह टीम और मेरे लिए बहुत जरूरी था। पिछले चार या पांच मैच में, एक बात लगातार मेरे दिमाग में चल रही थी कि मैंने क्रीज पर ज्यादा समय नहीं बिताया था और ज्यादा गेंदों का सामना नहीं किया था, इसलिए मेरा मकसद विकेट पर कुछ समय बिताना और फिर टीम की स्थिति के हिसाब से खुद को ढालना था। मैं शुक्रगुजार हूं कि यह इस तरह से काम कर गया। हालांकि, हमें बहुत आगे के बारे में नहीं सोचना चाहिए और एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए। हर गेम हमारे लिए लगभग नॉकआउट जैसा है। हम जानते हैं कि हम क्या कर सकते हैं।

### मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना पसंद

अहमदाबाद की पिच और अपनी पसंदीदा बल्लेबाजी क्रम पर तिलक ने कहा, जब भी एमआई अहमदाबाद आती है, तो वे आमतौर पर हमें काली मिट्टी वाली विकेट देते हैं, जो थोड़ी धीमी होती है। ऐसा नहीं है कि हमारे बल्लेबाज नहीं खेल सकते। हम जानते हैं कि अगर ज्यादा बाउंस हो तो हम क्या कर सकते हैं। यह धीमी और नीची थी, इसलिए हमें संतुलन बनाना पड़ा और सीधे हिट करने की कोशिश करनी पड़ी। ज्यादा बाउंस नहीं था। मैंने कंडीशन को अच्छी तरह से समझा और सीधे हिट करने का फैसला किया। शुक्र है, मैं कुछ रन बना पाया। मुझे नंबर तीन पर बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है।

## आईपीएल: ईशान मलिंगा ने 4 विकेट झटके

# अभिषेक के शतक से हैदराबाद की लगातार तीसरी जीत, कैपिटल्स को 47 रन से हराया

हैदराबाद

सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (नाबाद 135) की आक्रामक शतकीय पारी के बाद तेज गेंदबाज ईशान मलिंगा (32 रन पर चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी-20 मैच में मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 47 रन से हराकर जीत की हैट्रिक लगाई।

- ईशान मलिंगा हैट्रिक से चूके
- अभिषेक रहे प्लेयर ऑफ द मैच

'प्लेयर ऑफ द मैच' अभिषेक ने दिल्ली के गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 68 गेंदों की नाबाद पारी में 10 छक्के और इतने ही चौके लगाए। उनकी इस पारी की बदौलत सनराइजर्स ने दो विकेट पर 242 रन बनाने के बाद कैपिटल्स को नौ विकेट पर 195 रन पर रोक दिया। इस जीत से टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। टीम के नाम सात मैचों में अब चार जीत है। कैपिटल्स की टीम छह मैचों में तीसरी हार के बाद पांचवें स्थान पर है। कैपिटल्स के लिए नीतिश राणा ने 30 गेंदों में सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। उन्होंने लोकेश राहुल (23 गेंद में 37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंदों में 86 रन की साझेदारी की, लेकिन इस साझेदारी के टूटने के साथ ही टीम ने लय गंवा दी। टीम का स्कोर एक विकेट पर 107 रन से चार विकेट पर 107 रन हो गया। मलिंगा ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्हें दिलशान मधुशंका (36 रन पर एक विकेट) और शाकिब हुसैन (29 रन पर एक विकेट) का अच्छा साथ मिला, जबकि हर्ष दुबे ने आखिरी ओवर में तीन विकेट चटकाए। अभिषेक ने आईपीएल में अपनी दूसरी शतकीय पारी के दौरान शुरुआती तीन विकेटों के लिए बड़ी साझेदारियां कीं। उन्होंने ट्रेविस हेड (26 गेंद में 37) के साथ पहले विकेट के लिए 53 गेंदों में 97 रन और कप्तान इशान किशन (13 गेंद में 25 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों में 79 रन की साझेदारी की। इसके बाद उन्होंने हेनरिख क्लासेन (13 गेंद में नाबाद 37) के साथ तीसरे विकेट के लिए 32 गेंदों में 66 रन की अटूट साझेदारी कर टीम के बड़े स्कोर को सुनिश्चित किया।







### हैदराबाद-242/2 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 135 |
| ट्रेविस हेड का रिजवी बो अक्षर | 37 |
| इशान किशन रन आउट | 25 |
| हेनरिच क्लासेन नाबाद | 37 |

अतिरिक्त : 08

कुल योग: 20 ओवर में दो विकेट पर : 242 रन

विकेट पतन: 1-97, 2-176

गेंदबाजी मुकेश 4-0-53-0, राणा 4-0-55-0, एनगिडी 4-0-41-0, अक्षर 2-0-23-1, कुलदीप 2-0-30-0 नटराजन 4-0-40-0

### दिल्ली-195/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पथुम का स्थानापन्न (लिविंगस्टेन) बो मधुशंका | 08 |
| राहुल का अभिषेक बो शाकिब | 37 |
| नीतिश का अभिषेक बो मलिंगा | 57 |
| समीर रिजवी का मधुशंका बो हर्ष | 41 |
| डेविड मिलर बो मलिंगा | 00 |
| ट्रिस्टन का शाकिब बो मलिंगा | 27 |
| आशुतोष का अनिकेत बो मलिंगा | 14 |
| अक्षर पटेल का रेड्डी बो हर्ष | 02 |
| कुलदीप नाबाद | 01 |
| एनगिडी का मधुशंका बो दुबे | 08 |

अतिरिक्त: 08

कुल योग:20 ओवर में नौ विकेट पर 195 रन

विकेट पतन: 1-21, 2-107, 3-107, 4-107, 5-166, 6-186, 7-192, 8-195, 9-195

गेंदबाजी: मधुशंका 4-0-36-1, रेड्डी 4-0-57-0, मलिंगा 4-0-32-4, शाकिब 4-0-29-1, शिवांग 2-0-28-0, हर्ष 2-0-12-3

### हार का सिलसिला तोड़ने उतरेगा आरआर, एलएसजी से आज मुकाबला

**लखनऊ।** लगातार दो हार से आहत राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने शुरुआती प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ बुधवार को होने वाले आईपीएल के मैच में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम अभी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। इस 2008 की चैंपियन टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार चार जीत के साथ की थी, लेकिन उसके बाद पिछले दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 57 रन से करारी शिकस्त दी। इस मैच में तेज गेंदबाजों के सामने उसका शीर्ष क्रम लड़खड़ा गया और उसने 9 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए।

## आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग

# शेफाली ने मारी छलांग स्मृति को नुकसान





लखनऊ

सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा 5 मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में अर्धशतक की बदौलत आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से छठे पायदान पर पहुंच गईं। शेफाली ने रविवार को डरबन में खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में 38 गेंद पर 57 रन बनाए थे। भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना अब तक खेले गए दोनों मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एक स्थान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं। तीसरे स्थान पर अब वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज हैं। हरमनप्रीत कौर दो स्थान ऊपर चढ़कर अब शीर्ष 10 में शामिल होने के करीब हैं। वह फिलहाल 11वें स्थान पर हैं।

### जेमिमा को चार स्थान का नुकसान

जेमिमा रोड्रिग्स को चार स्थान का नुकसान हुआ है। खराब फॉर्म के चलते वह अब बल्लेबाजों की सूची में 14वें स्थान पर खिसक गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने बल्लेबाजों की सूची में अपना पांचवां स्थान बरकरार रखा है। ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वोल शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की एनेरी डर्कसेन (18 स्थान के फायदे से 33वें स्थान पर) और सुने लुस (आठ स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है।

### दीप्ति, रेणुका और अरुंधति नीचे खिसकी

भारत की प्रमुख गेंदबाज दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर और अरुंधति रेड्डी गेंदबाजों की रैंकिंग में नीचे खिसक गई हैं। दीप्ति दो स्थान नीचे पांचवें जबकि रेणुका चार स्थान नीचे नौवें स्थान पर हैं। अरुंधति भी तीन स्थान के नुकसान से 12वें स्थान पर खिसक गई हैं और शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची से बाहर हो गई हैं।

# सीएसके को करारा झटका म्हात्रे पूरे सीजन से बाहर

आयुष के हैमस्ट्रिंग में खिंचाव, रहना होगा रिहैबिलिटेशन

नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं, जो पांच बार की चैंपियन टीम के लिए करारा झटका है।

म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के पिछले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे और उन्हें 6 से 12 सप्ताह तक 'रिहैबिलिटेशन' से गुजरना पड़ेगा। सीएसके ने कहा, 'आयुष म्हात्रे 18 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान बल्लेबाजी करते समय बायीं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आने के कारण आईपीएल 2026 के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं।' फ्रेंचाइजी ने कहा, 'आयुष को चोट से उबरने के लिए 6 से 12 सप्ताह तक रिहैबिलिटेशन पर रहना होगा।'




### सनराइजर्स के खिलाफ हुए थे चोटिल

18 वर्षीय बल्लेबाज आयुष सनराइजर्स के खिलाफ इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरा था। हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण वह काफी असहज महसूस कर रहे थे। म्हात्रे को मैदान पर ही उपचार दिया गया। दर्द के बावजूद उन्होंने खेलना जारी रखा था लेकिन इसके तुरंत बाद वह आउट हो गए थे। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने कहा था, ' दुर्भाग्य से उसकी स्थिति काफी खराब दिख रही है। उसका बाहर होना हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वह बहुत अच्छी फॉर्म में है।' म्हात्रे ने इस सत्र में छह मैचों में 177.87 के स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए।



# बोस्टन मैराथन में दौड़ी चेल्सी और सुनीता

बोस्टन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पुत्री चेल्सी क्लिंटन और भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने बोस्टन मैराथन पूरी की। क्लिंटन फाउंडेशन की उपाध्यक्ष 46 वर्षीय चेल्सी ने 26.2 मील (42.195 किलोमीटर) की दौड़ 3 घंटे, 40 मिनट और 52 सेकंड में पूरी की। चेल्सी के पिता बिल क्लिंटन और मां पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन ने फिनिश लाइन पर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर 2014 के चैंपियन मेब केफ्लेजघी भी उपस्थित थे, जो इस दौड़ को जीतने वाले अंतिम अमेरिकी पुरुष धावक हैं। चेल्सी क्लिंटन न्यूयॉर्क मैराथन सहित छह अन्य मैराथन में भाग ले चुकी हैं और उन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# रियाल मैड्रिड फिर बना यूरोपीय चैंपियन




एजेंसी ▶▶ लॉज़ेन

रियाल मैड्रिड ने पेनल्टी शूटआउट में क्लब ब्रुग को हराकर यूईएफए यूथ लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीतकर एक बार फिर यूरोपीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

इस टूर्नामेंट में अंडर19 टीम भाग लेती है, जिसे जूनियर वर्ग की चैंपियंस लीग भी कहा जाता है। रियाल मैड्रिड के लिए यह खिताब राहत की बात है क्योंकि उसकी सीनियर टीम चैंपियंस लीग से बाहर हो गई है। स्विट्जरलैंड में खेला गया फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद भी 1-1 से बराबरी पर रहा, जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। रियाल मैड्रिड के गोलकीपर जेवियर नवारो ने पेनल्टी शूटआउट में अपनी टीम को 4-2 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने ब्रुग के नईम अमेनगई और टियान कोरेन के शॉट को बचाया। यूईएफए यूथ लीग के 12 साल के इतिहास में स्पेनिश टीम ने यह दूसरा खिताब उसकी सीनियर टीम के चैंपियंस लीग क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के पांच दिन बाद जीता।

## लॉरियस पुरस्कार: फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन सर्वश्रेष्ठ टीम

# अल्काराज-सबालेंका चुने गए 'प्लेयर ऑफ द ईयर'

मैड्रिड

टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और एरीना सबालेंका ने लॉरियस पुरस्कारों में क्रमशः वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया, जबकि फ्रांस के फुटबॉल क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ टीम घोषित किया गया। अल्काराज ने पिछले साल फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के अलावा इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी जीता था। विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल लगातार दूसरी बार यूएस ओपन जीता था। पीएसजी 2025 में पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियंस लीग का खिताब जीतने में सफल रहा था।






### यामल ने जीता सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार

इस महीने मास्टर्स खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले गोल्फर रोरी मैकलॉय को वर्ष में शानदार वापसी करने वाले खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। बार्सिलोना और स्पेन के स्टार फुटबॉलर 18 वर्षीय लामिन यामल ने वर्ष के सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। फॉर्मूला वन चैंपियन लैंडो नॉरिस को विश्व का सर्वश्रेष्ठ उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार मिला।

### जिम्नास्ट कोमानेसी को मिला 'लाइफटाइम अचीवमेंट'

जर्मनी के महान फुटबॉलर टोनी क्रूस ने विश्व खेल प्रेरणा पुरस्कार हासिल किया जबकि अपने जमाने की दिग्गज जिम्नास्ट नादिया कोमानेसी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार दिया गया। अमेरिका के स्नोबोर्डर क्लो किम को 'वर्ल्ड एक्शन स्पोर्ट्सपर्सन' का पुरस्कार दिया गया। ब्राजील के गैब्रियल अराउजो को दिव्यांग वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। स्पेन की राजधानी में आयोजित किए गए इस पुरस्कार समारोह की मेजबानी दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और फ्रीस्टाइल स्कीयर एलीन गु ने की।

### अल्काराज चोटिल, फ्रेंच ओपन खेलने पर संशय

**मैड्रिड।** दो बार के मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज का दाहिनी कलाई में चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में खेलना संदिग्ध है। अल्काराज ने कहा कि अगले कुछ दिनों में उन्हें कुछ चिकित्सा परीक्षण कराने हैं, जिसके बाद यह पता चल पाएगा कि वह एक महीने बाद होने वाले इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में खेल पाएंगे या नहीं। अल्काराज से जब पूछा गया कि क्या वह फ्रेंच ओपन में खेलेंगे, उन्होंने कहा, ' देखते हैं। अगला मेडिकल टेस्ट काफी महत्वपूर्ण होगा।' स्पेन के इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में लॉरियस पुरस्कार समारोह में भाग लिया और उनकी दाहिनी कलाई में पट्टी बंधी हुई थी। उन्होंने पिछले सप्ताह मैड्रिड ओपन से नाम वापस ले लिया था।

# एएफसी चैंपियंस लीग के फाइनल में अल-अहली



**जेद्दा।** इवान टोनी के दूसरे हाफ में किए गए निर्णायक गोल की मदद से सऊदी अरब के क्लब अल-अहली सऊदी ने जापान के विसेल कोबे को 2-1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। जेद्दा में शनिवार को होने वाले फाइनल में अल-अहली सऊदी का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल-अहली और जापान के माचिदा जेलविया के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। विसेल कोबे के 32वें मिनट में युशिनोरी मुटो के गोल से बढ़त बनाई। अल-अहली सऊदी ने 62वें मिनट में ब्राजील के विंगर गैलेनो के गोल से बराबरी की। टोनी ने इसके आठ मिनट बाद अल-अहली सऊदी की तरफ से दूसरा गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।



## हॉन्टेड 3डी का मोशन पोस्टर आउट फिर साथ आए विक्रम और आनंद...

मुंबई। 2008 में रिलीज हुई फिल्म 1920 के 18 साल बाद विक्रम भट्ट और आनंद पंडित फिर से एक हॉरर फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है 'हॉन्टेड 3डी'। मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया, जो काफी डरावना है। पोस्टर में डरावनी गुड़िया, एक सफेद कपड़ों में भटकती आत्मा, डरावने चेहरे और घने कोहरे के बीच भयानक चीख, किसी के भी रोंगटे खड़े कर देगी। विक्रम भट्ट अपनी हॉरर फिल्मों के लिए काफी मशहूर हैं, अपनी नई फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज करने जा रहे हैं। यह फिल्म उनके पुराने स्टाइल की वापसी है। यह भारत की पहली स्टीरियोस्कोपिक 3डी हॉरर फिल्म है।

लाइफ Style



## दिशा

## आवारापन के सीक्वल में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

29 जून 2007 में रिलीज हुई इमरान हाशमी की फिल्म आवारापन के सीक्वल आवारापन 2 की रिलीज डेट सामने आ गई है। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री के नाम से भी पर्दा उठा दिया है।

इमरान हाशमी इस फिल्म में फिर से शिवम का किरदार निभाएंगे। प्रमोशनल पोस्टर में एक हाथ का क्लोज-अप दिखाया गया है, जिसमें चिड़िया का टैटू बना है। यह टैटू आजादी और मुक्ति की भावना को दिखाता है। इस सीक्वल में दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिका में इमरान हाशमी के साथ काम करेंगी। यह दिशा पटानी का विशेष फिल्म्स के साथ पहला प्रोजेक्ट है। विशेष फिल्म्स ने आज 21 अप्रैल को आधिकारिक तौर पर आवारापन 2 की घोषणा कर दी है। यह 2007 की हिट फिल्म आवारापन का सीक्वल है। मेकर्स ने बताया कि फिल्म का प्रोडक्शन का में आखिरी चरण में है।

'आवारापन 2' 14 अगस्त को देश-विदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जो स्वतंत्रता दिवस के वीकेंड पर पड़ रहा है। फिल्म 'आवारापन 2' का निर्देशन नितिन कक्कड़ कर रहे हैं। फिल्म को लेकर निर्माता विशेष भट्ट ने कहा, 'आवारापन एक गहरा एहसास है, जो बड़े पर्दे के लिए ही बना है। इसमें शानदार जगहों पर शूटिंग, बड़े सीन, मजबूत किरदार और अच्छा संगीत होगा। इमरान हाशमी शिवम के किरदार में पूरी तरह फिट हो गए हैं। अब दिशा पाटनी के जुड़ने से फिल्म में नई जान आ गई है।'

हॉलीवुड मसाला



## सैंड्रा-निकोल साथ करेंगी काम

लॉस एंजिल्स। प्रैक्टिकल मैजिक 2 का ट्रेलर सामने आ चुका है। इस फिल्म में सैंड्रा बुलक और निकोल किडमैन साथ नजर आएंगी। दोनों लगभग 28 साल बाद बड़े पर्दे पर दर्शकों को नजर रही हैं। यह फिल्म 11 सितंबर को रिलीज होगी। लेकिन, कुछ जगहों पर इसका प्रीमियर 18 सितंबर को होगा। साल 1998 में हॉलीवुड फिल्म प्रैक्टिकल मैजिक रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का दूसरा पार्ट 28 साल बाद रिलीज हो रहा है। प्रैक्टिकल मैजिक 2 के ट्रेलर में विक्टोरियन दौर का एक घर दिखाया जाता है।



## नाबालिग की हत्या मामले में हुई सिंगर डी-4वीडी की पेशी

लॉस एंजिल्स। डेविड बर्क 21 साल के एक म्यूजिशियन हैं, जो डी4वीडी के नाम से जाने जाते हैं। सिंगर पर पर 14 साल की नाबालिग की हत्या का आरोप लगे हैं। मंगलवार को इसी मामले में लॉस एंजेलिस में कोर्ट में उनकी पेशी हुई, जहां उनके वकील ने उनकी ओर से सभी आरोपों से इनकार किया। हालांकि, जज ने इसके बावजूद कड़ा फैसला सुनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड बर्क पर फर्स्ट-डिग्री मर्डर, 14 साल से कम उम्र की लड़की के साथ यौन शोषण और शव के टुकड़े करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जज ने आदेश दिया है कि उन्हें बिना जमानत के हिरासत में रखा जाएगा। डी4वीडी को 2022 में पहचान मिली, जब उन्होंने अपने फोन पर गाने रिकॉर्ड करके फॉर्नाइट गेमिंग वीडियो में इस्तेमाल किए, जो टिकटॉक पर वायरल हो गए।



## सूरज की फिल्म में पहली बार करेंगे काम


मुंबई। सूरज बड़जात्या ने आखिरी फिल्म ऊंचाई डायरेक्ट की थी। अब इन दिनों वे अपनी अगली फिल्म बनाने में व्यस्त हैं। सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म का नाम आधिकारिक तौर पर 'ये प्रेम मोल लिया' रखा गया है। फिल्म के प्रोडक्शन हाउस राजश्री फिल्म्स ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की और इसे एक फैमिली एंटरटेनर बताया है। इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और शरवरी लीड रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का म्यूजिक हिमेश रेशमिया तैयार कर रहे हैं। राजश्री फिल्म्स इस फिल्म को महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। सूरज की फिल्म में पहली बार आयुष्मान खुराना काम करेंगे। यह पहली बार होगा जब आयुष्मान खुराना और शरवरी एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे।



## है जवानी तो... होगी आखिरी फिल्म

मुंबई। डेविड धवन की आने वाली फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, लेकिन इससे पहले डायरेक्टर ने बड़ा बयान दिया जो चर्चा का विषय बन गया है। एक इंटरव्यू में डेविड धवन ने कहा कि 'है जवानी तो इश्क होना है' फिल्म उनकी आखिरी फिल्म हो सकती है। अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि अब मुझे और फिल्में करना चाहिए। ये मेरी आखिरी फिल्म हो सकती है। इसके बाद मैं बस वरुण का पिता रहूंगा।' तीन दशकों से भी ज्यादा लंबे करियर और 45 से ज्यादा फिल्मों के साथ, डेविड धवन ने अपने सफर को लेकर संतुष्टि जताई। उन्होंने संजय दत्त, अनिल कपूर, गोविंदा और सलमान खान जैसे बड़े सितारों के साथ काम किया है।

टीवी मसाला



## कराची से आया था मटका किंग रतन, मुंबई में बनाया साम्राज्य

नई दिल्ली। हाल ही ओटीटी पर विजय वर्मा की नई सीरीज 'मटका किंग' रिलीज हुई, जो चर्चा में है और काफी पसंद भी की गई। सीरीज की कहानी असली मटका किंग पर आधारित है। इसमें सट्टेबाजी की खतरनाक दुनिया को दिखाया गया। रतन खत्री की कहानी उस दौर की है, जब नंबरों में किस्मत सिमटी होती थी और एक सही चाल भी आदमी को बादशाह बना देती थी। रतन खत्री एक ऐसे शख्स था, जिसने भारत में सट्टेबाजी की शुरुआत की और फिर उसे नई ऊंचाइयों पर ले गया। उसे सट्टेबाजी का 'किंग पिन' और 'मटका किंग' कहा जाता था। रतन खत्री ने मटका को देश की सबसे मुनाफे वाली अंडरग्राउंड इंडस्ट्री में से एक बना दिया था। रमन खत्री शुरुआत में कोई बड़ी शख्सियत नहीं था। वह तो बल्कि प्रवासी था, जो सिंधु से ताल्लुक रखता था और विभाजन के बाद भारत आया था। लेकिन, देखते ही देखते वह कब सट्टेबाजी के खेल का बादशाह बन गया, पता ही नहीं चला और फिर 'मटका किंग' कहलाया। रतन खत्री कराची से सिंधी हिंदू परिवार में पैदा हुए और विभाजन के बाद परिवार के साथ भारत आ गए। यहां उन्होंने मुंबई (तब बंबई) में अपना डेरा जमाया। रतन जब किशोरावस्था में पहुंचे तो कपड़ा बाजारों और मिलों में काम करना शुरू कर दिया। वहीं उनका राब्ता सट्टेबाजी से बुआ। वह कपास के एक्सचेंज नंबर्स पर सट्टा लगाया जाता थ। उसी दौरान मुंबई में सट्टेबाजी का एक नया रूप शुरू हुआ था, जिसे 'मटका' कहा जाता था। इससे रतन खत्री जुड़ गए और इसे सट्टे के एक बड़े नेटवर्क में बदल दिया।

### घर से निकलने में भी लगता है डर

नई दिल्ली। कॉमेडियन सुनील पाल इन दिनों लगातार सुर्खियों में हैं। बीते दिनों समय रैना ने जहां उन्हें अपने नए स्पेशल में रोस्ट किया, वहीं उससे पहले वह एक इवेंट में हुई बेइज्जती को लेकर चर्चाओं में रहे। अब साल 2024 की किडनैपिंग मामले में मेरठ कोर्ट पहुंचे कॉमेडियन का दर्द उस समय छलक पड़ा, जब वह आरोपियों की शिनाख्त करने पहुंचे थे। यह केस दिसंबर 2024 का है, जब नेशनल हाईवे से उन्हें कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था। करीब 24 घंटे बंधक बनाए जाने के बाद उन्हें छोड़ा गया था।



कॉमेडियन तब हरिद्वार के इवेंट में परफॉर्म करने के लिए बुलाए गए थे, जो असल में एक झांसा था। सुनील पाल ने मेरठ कोर्ट में जहां 2 आरोपियों की पहचान की, वहीं इस वारदात के 16 महीने बाद भी अपने डर और घबराहट का जिक्र करते हुए भावुक आपबीती बताई। सुनील पाल ने कहा कि वह अपहरण की वारदात के बाद से ही डरे हुए हैं। यहां तक कि अब वह घर से बाहर निकलने में भी खौफ खाते है।

## कपिल शर्मा का शो कॉमेडी फिल्मों के लिए बन रहा खतरा : परेश रावल

*परेश रावल जिन्होंने अपने करियर में कई कॉमेडी फिल्मों मे काम किया है और सबको खूब हंसाया है। उनका कहना है कि कपिल शर्मा का शो आज के समय में कई कॉमेडी मूवीज को टक्कर दे रहा है। परेश रावल हाल ही में फिल्म भूत बंगला में नजर आए हैं। इस फिल्म को प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया है और इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी, तब्बू और राजपाल यादव हैं। फिल्म को ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिला है।*

नई दिल्ली। अब परेश ने हाल ही में बताया कि कैसे आज कल कॉमेडी फिल्मों को टीवी और डिजिटल शोज से टफ कॉम्पटीशन झेलना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, परेश ने सुनील ग्रोवर की भी तारीफ की और उन्हों टैलेंट का ज्वालामुखी बताया है। परेश ने मनीकंट्रोल से बात करते हुए कहा, 'ये कॉमेडी के लिए काफी मुश्किल समय है। हर सीन कॉम्पटीशन है। कपिल शर्मा शो तो हर कॉमेडी फिल्म के लिए कॉम्पटीशन है। कभी-कभी वो भी ओवर टॉप जाते हैं, लेकिन यह बात मायने नहीं रखती।' एक्टर ने आगे कहा, 'अगर आप कपिल शर्मा शो देखते हैं और सुनील ग्रोवर को देखें कि क्या टैलेंट हैं उनमें। ये सब बहुत बड़े टैलेंटेड हैं। वो तो ज्वालामुखी हैं यार कॉमेडी के।



आपको उस कॉमेडी के साथ कॉम्पीट करना है तो आपको सोच बदलनी पड़ेगी नहीं तो नहीं होता है। कॉमेडी लिखना और उसे मेन्टेन करना काफी मुश्किल है। वहां भी जो कॉमेडी लिखी जाती है, उनकी 10-15 लोगों की टीम होती है। हमारे यहां तो एक राइटर को रखने का माल नहीं होता है प्रोड्यूसर के पास तो 15 लोगों को कहां से देगा।' बता दें कि सुनील ग्रोवर तो पिछले कुछ दिनों से अपने मिमिक्री स्टाइल के लिए छाए हुए हैं। उनके कई किरदार हिट रहे हैं जैसे एस एस राजामौली, आमिर खान, सलमान खान और कादर खान। कादर खान के तो उनके मिमिक्री वीडियो को बहुत ज्यादा प्यार मिला। कई ने तो उनके इस एक्ट को शेयर कर उनकी तारीफ की थी सोशल मीडिया पर। भूत बंगला के बाद परेश अब हेरा फेरी 3 और वेलकम टू द जंगल में नजर आने वाले हैं। वेलकम टू द जंगल में परेश के साथ अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, अनिल कपूर, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी हैं। वहीं हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी लीड रोल में हैं।

## मोहित की मूवी में फिर रोमांस करते नजर आएंगे अहान-अनीत

मुंबई। सैयारा फिल्म की बड़ी सफलता के बाद, अहान पांडे और अनीत पड्डा एक बार फिर यश राज फिल्म्स के लिए काम कर रहे हैं। वे निर्देशक मोहित सूरी के साथ नई रोमांटिक ड्रामा फिल्म बना रहे हैं। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा पिछले हफ्ते हुई थी। एक खबर के अनुसार, फिल्म का अस्थायी नाम 'सतरंगा' रखा गया है। यह नाम अभी पक्का नहीं है, क्योंकि यह टी-सीरीज के पास पहले से रजिस्टर्ड है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह नाम फिल्म की कहानी से अच्छी तरह मेल खाता है। यह फिल्म भी 'सैयारा' की तरह ही एक म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म हो सकती है। सैयारा में अहान और अनीत को जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। इस नई फिल्म में अहान और अनीत रोमांस के और गहरे और अलग तरह के पहलुओं को दिखाएंगे। मोहित सूरी अभी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है और इसे 2027 के अंत तक रिलीज करने का प्लान है। मोहित सूरी ने इस प्रोजेक्ट पर खुशी जताते हुए कहा, 'मेरे



लिए प्रेम कहानियां हमेशा सबसे महत्वपूर्ण रही हैं। जब भावनाएं बहुत गहरी और बेकाबू हो जाती हैं, तब प्यार को सचमुच महसूस किया जा सकता है।' सैयारा फिल्म में भी यही बात बेबाकी से दिखाई गई है। सैयारा की टीम के साथ वापस आना मेरे लिए बहुत खास है। लगता है यह किस्मत में लिखा था। आगामी फिल्म को लेकर मोहित ने कहा, 'इस बार मैं खुद को एक नए कलाकार की तरह महसूस कर रहा हूं। कहानी को लेकर बहुत उत्साहित और थोड़ा घबराया हुआ भी। उम्मीद है कि इस फिल्म का संगीत भी लोगों के दिल को छू सकेगा।'

### बाबुल की दुआएं लेती जा... इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर

## एक मुस्लिम गीतकार, जिसने बेटी की विदाई का दर्द गीत में उतार दिया

*नई दिल्ली। 'बाबुल की दुआएं लेती जा' लिखने वाले इस मुस्लिम गीतकार ने कभी नहीं की थी शादी। गाने में उतार दिया बेटी की विदाई करने वाले पिता का दर्द। इस गीत को गाते-गाते रो पड़े थे सिंगर। आज भी उतना ही दर्दभरा है ये गाना। 1968 में एक फिल्म आई थी नील कमल। इस फिल्म में वहीदा रहमान, राज कुमार और मनोज कुमार ने लीड किरदार निभाया था। फिल्म राम महेश्वरी ने डायरेक्ट की थी और किदार शर्मा ने लिखी। वैसे तो फिल्म की कहानी एक ऐसी लड़की की थी जो नींद में चलती है और अपनी पुरानी जिंदगी में चली जाती है। इस कहानी ने उस समय के लोगों को प्रभावित किया था। लेकिन गाने अलग ही माहौल बनाते थे। इसी फिल्म का वो गाना था 'बाबुल की दुआएं लेती जा'। एक ऐसा गाना जिसे सुनने वाले लोग और गाने वाला सिंगर रो पड़ा था। इस गाने को लिखने वाले ने ऐसे भावों को अपनी राइटिंग में दिखाया जो उसने खुद कभी महसूस नहीं किया।*



### इस गाने को सुन रो पड़ते हैं लोग

फिल्म नील कमल ये गाना तब बजता है जब बलराज साहनी का किरदार अपनी बेटी सीता की विदाई करता है। स्क्रीन पर नजर आने वाला वो विदाई का सीन आंखें गीली कर देता है। एक पिता अपनी बेटी को घर से डोली तक छोड़ने आता है। बैकग्राउंड में रवि का म्यूजिक और वो खास मन को कटोचने वाली धुन बजती है। ये सीन जितनी बार देखा जाता है उतनी बार आंखें गीली हो जाती हैं। इस गाने को उस दौर के मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी ने लिखा था। साहिर ने खुद कभी शादी नहीं की, उनकी कोई संतान नहीं थी। लेकिन, जब ये गीत उन्होंने एक पिता के दर्द को अपनी लेखनी में उतारते हुए लिखा तो गाने वाले मोहम्मद रफी रो पड़े।

### लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए

फिल्म में जब ये गाना दिखाया गया तो इसे सुनने और देखने वाले लोग मन में उमड़े जज्बातों की रोक नहीं पाए। ऐसा ही किस्सा फिल्म धड़कन के गाने 'दूल्हे का सेहरा' गाने वाले नुसरत फतेह अली खान के साथ हुआ था। वो भी गाने की एक लाइन को गाते समय खूब रोए थे।

### रफी की आवाज हो गई थी रुआंसी

इस गाने को रवि ने कंपोज किया था। गाने के अंतरे में सिंगर मोहम्मद रफी की आवाज रुआंसी हो जाती है। अंत में उन्होंने म्यूजिक कंपोजर रवि से कहा कि उन्हें एक बार फिर से रिकॉर्ड करना चाहिए क्योंकि वो गाना गाते समय रो गए हैं। ये सुनते ही म्यूजिक बनाने वाले रवि ने कहा कि वो ये गाना ऐसे ही रखेंगे। इस गाने को रिकॉर्ड करते समय मोहम्मद रफी इसलिए भी रो पड़े थे क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी बड़ी बेटी की शादी की थी। बेटी को याद कर उनकी आवाज रुआंसी हो गई।

# मानव एकता दिवस : सेवा और आध्यात्मिक समरसता का पावन अवसर

## 24 अप्रैल को मानव एकता दिवस के अवसर रक्तदान शिविर का आयोजन!

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी** – आज 22 अप्रैल को रक्तदान शिविर हेतु निरंकारी भक्तों एवं सेवादल कार्यकर्ताओं द्वारा एक विशाल रैली सत्संग भवन सी पी मिशन कंपाउंड झांसी से निकाली गई। इस रैली द्वारा जन मानस को सतगुरु माता जी का यह संदेश दिया कि रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहे।

24 अप्रैल, दिन-शुक्रवार को संत निरंकारी सत्संत भवन सीपी मिशन कंपाउंड झांसी में मानव एकता दिवस के अवसर पर सत्संग समाप्ति के बाद प्रात: 8 बजे से दोपहर 2:00 तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निरंकारी भक्त स्वैच्छिक रक्तदान करेंगे। इस पावन कार्य में जिला चिकित्सालय और महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के अनुभवी चिकित्सकों की टीम इस पुनीत कार्य में अपनी सेवाएं अर्पित करेंगी! यह रक्तदान शिविर झांसी के अलावा बांदा, चिरकूट, हमीरपुर, मऊरानीपुर, ललितपुर, महोबा, आदि सभी शाखाओं में भी आयोजित किया जाएंगे । यह जानकारी ब्रांच झांसी के संयोजक श्री तरसेम कुमार जी द्वारा दी गई।

जब मानव हृदय में प्रेम की मधुर धारा अविरल प्रवाहित होती है और आत्मा एकत्व के दिव्य स्पंदन से आलोकित होती है, तभी मानवता का वास्तविक और पावन स्वरूप प्रकट होता है। यह वही स्थिति है जहाँ समस्त भेदभाव स्वत: विलीन हो जाते हैं और करुणा, समरसता तथा सार्वभौमिक भाईचारे का भाव जीवन्त हो उठता है। इसी दिव्य आध्यात्मिक चेतना को साकार करने हेतु संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा गुरबचन सिंह जी की पावन स्मृति में 'मानव एकता दिवस' 24 अप्रैल 2026 को श्रद्धा, समर्पण और प्रेममय वातावरण में आयोजित किया जाएगा, जो संपूर्ण मानव जाति को एकत्व, सेवा और सद्भाव का अमूल्य संदेश प्रदान करेगा। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में दिल्ली के बुराड़ी स्थित सरोवर के सम्मुख ग्राउंड नं. 2 में एक भव्य एवं दिव्य सत्संग का आयोजन किया जाएगा, जहाँ श्रद्धालु भक्त प्रेम, भक्ति और आध्यात्मिकता के अद्वितीय संगम का अनुभव करेंगे। यह पावन अवसर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मिक जागृति का उत्सव होगा, जो प्रत्येक हृदय को ईश्वरीय एकत्व के अनुभव से जोड़ते हुए आंतरिक शांति और संतोष की अनुभूति कराएगा। इसके साथ ही देश-विदेश की विभिन्न शाखाओं में भी श्रद्धालु भक्त एकत्रित होकर इस दिव्य सत्संग को गहन आत्मिक भाव से साकार करेंगे। इस पावन संगम के माध्यम से हर हृदय प्रेम, शांति और भाईचारे के प्रकाश से आलोकित होगा तथा मानवता की एकसूत्रता का संदेश विश्वभर में प्रसारित होगा। यह पावन दिवस बाबा गुरबचन सिंह जी एवं चाचा प्रताप सिंह जी की दिव्य स्मृति को समर्पित है, जिनका सम्पूर्ण जीवन त्याग, समर्पण और नि:स्वार्थ सेवा की अद्वितीय मिसाल रहा है। उन्होंने अपने आचरण और विचारों के माध्यम से मानवता को प्रेम, विनम्रता और परोपकार का सच्चा मार्ग दिखाया। उनके दिव्य आदर्श आज भी प्रत्येक हृदय में सेवा, भक्ति और एकत्व की ज्योति प्रज्वलित करते हैं, और मानव मात्र को यह प्रेरणा देते हैं कि सच्ची साधना केवल शब्दों में नहीं, बल्कि निस्वार्थ सेवा, करुणा और आपसी भाईचारे के भाव में निहित हैं। दिल्ली के मुख्य आयोजन स्थल पर प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर गहन श्रद्धा, समर्पण और सेवा-भाव के साथ आयोजित किया जाएगा। इस पावन सेवा यज्ञ में विभिन्न अस्पतालों के अनुभवी चिकित्सक एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी की समर्पित टीम अपनी विशेषज्ञता और करुणा के साथ सेवा प्रदान करेगी, जिससे यह प्रयास मानवता के प्रति संवेदनशीलता का सजीव उदाहरण बनेगा। संत निरंकारी मण्डल के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा के अनुसार, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के मार्गदर्शन में आयोजित इन शिविरों में हजारों श्रद्धालु नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान कर मानव जीवन की रक्षा हेतु अपना अमूल्य योगदान अर्पित करेंगे। यह सेवा न केवल जरूरतमंदों के जीवन में नई आशा का संचार करती है, बल्कि दान करने वाले के हृदय में भी आत्मिक संतोष, शांति और कृतार्थता का दिव्य अनुभव उत्पन्न करती है। उल्लेखनीय है कि संत निरंकारी मिशन रक्तदान के क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है जहां 4 दशको से रक्तदान का सफल आयोजन किया जा रहा है। मिशन का स्वयं का ब्लड बैंक मुम्बई में निरंतर परोपकार और सेवा-भाव के साथ अपनी अमूल्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। विगत् वर्षों में आयोजित हजारों रक्तदान शिविरों के माध्यम से अनगिनत जीवनों को नया संबल और जीवनदान प्राप्त हुआ है। नि:संदेह, यह पुण्य प्रयास सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की दिव्य शिक्षाओं का सजीव एवं प्रेरणादायी प्रतिबिंब है, जो मानव हृदय में प्रेम, एकत्व और सह-अस्तित्व की पावन ज्योति प्रज्वलित करता है। उनकी करुणामयी प्रेरणा प्रत्येक व्यक्ति को यह अनुभूति कराती है कि सच्चा जीवन वही है, जो सेवा, विनम्रता और आपसी सद्भाव के मार्ग पर अग्रसर हो।

# एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर के एक गार्डन में किया गया,जिसमें श्रोता झूमते रहे ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे झांसी ललितपुर के एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन बाबूजी उपस्थित रहे।



स्वागत के उपरांत आर पी निरंजन ने कहा कि वह जनता की सेवा के लिए चौबीस घंटे तत्पर रहते है ।दोनो जनपदों में किसी की कोई समस्या हो हमे फोन पर अवगत कराएं उसी समय उसका निवारण किया जाएगा ।जनता का विश्वास ही हमारी पूंजी है। सांस्कृतिक बुन्देली गीतों के कार्यक्रम में जय माँ गौरैया कला मंच के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी ।जिसमें बुन्देली गायक सीताराम आर्य,परम लाल पांचाल,हरिश्चंद्र आर्य,बुन्देली गायिका रजनी भास्कर एवं सुषमा ज्योति ने एक से एक बढ़कर बुन्देली गीतों की प्रस्तुति दी ।उनके साथ ऑर्गन पर नरेंद्र,पेड पर नीरज बजरंगी,ढोलक पर भूपेंद्र ,झींका पर महीपत ने संगत की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन के जन्मदिन पर माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी । संचालन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल ने किया। अंत मे कार्यक्रम संयोजक पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रतिनिधि पुष्पेंद्र भड़ोकर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर चेयरमैन गरौठा डॉ अरुण कुमार मिश्रा,पूर्व चेयरमैन गुरसरांय पं देवेश पालीवाल, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष प्रीति शर्मा द्विवेदी, पुरुषोत्तम पटेल,अमिता पटेल,पूर्व डायरेक्टर सहकारी बैंक सुबोध पटेल,टिंकू मुखिया पसराई, दृगपाल पटेल,पार्षद राकेश वर्मा पटेल,विनय पटेल,गुड्डू पाठक,मयंक गुप्ता,सत्यप्रकाश तिवारी सिया,अनिल तिवारी,प्रदीप कोठारी, राम नारायण पस्तोर, ब्रम्हजीत द्विवेदी, भगवती शरण कौशिक नुनार,आत्मा राम फौजी,संजय पटेल सुट्टा,भगवत नगरिया,अनुज द्विवेदी प्रधान नागर,वरुनकान्त त्रिपाठी, राजू पाठक प्रधान आमली,अखिलेश तिवारी छिरोरा, प्रमोद स्वामी,शैलेन्द्र शर्मा,प्रसिद्ध नारायण यादव,रामेश्वर दयाल अग्रवाल, माणिकलाल सेन,द्वारका भगत जी सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पति समेत ससुरालजनों ने बहु को जमकर पीटा छेड़खानी का विरोध करने पर

## कोतवाली नगर से कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**बांदा।** कोतवाली नगर क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताएं कि उसके पति एवं ससुराल जानों द्वारा मारपीट की गई है। देवर द्वारा छेड़खानी करने का विरोध करने पर अक्सर मारपीट की जाती है 9 फरवरी 2026 को पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने में देवर ने पीड़िता से किसी भी प्रकार का मतलब न रखने का लिखित पत्र भी दिया था इसके बावजूद भी सोमवार को शाम 4:00 बजे घरेलू कार्य कर रही थी पीछे से आकर देवर ने बुरी नीयत से पकड़कर मुंह दबा दिया और बलात्कार करने का प्रयास करने लगा पीड़िता ने किसी तरह से धक्का देकर छुड़ाया और चिल्लाने लगी तो देवर मारपीट करने लगा चिल्लाने की आवाज सुनकर देवर की पत्नी दुर्गा भी बाहर आ गई और सास कुंती भी आकर मारपीट करने लगी पुलिस को बुलाने की धमकी देने पर शाम को मार डालने की धमकी देकर चले गए शाम लगभग 6:00 बजे पति के साथ देवर ननद और सास देवर के साथ आरोप लगाने को लेकर पुन: मारपीट करने लगे ननद और सास के उकसाने पर पति सोनू और देवर राकेश ने हाथ पैर पकड़कर छत से फेंक दिया जिससे पीड़िता की गंभीर चोटें आई है पीड़िता ने पुलिस चौकी व कोतवाली नगर में शिकायती पर दिया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई ना ही पीड़िता का मेडिकल कराया गया पीड़िता के पूरे शरीर में चोट है पीड़िता ने बताया कि राकेश देवर देवरानी दुर्गा आए दिन पीड़िता के साथ मारपीट करते हैं पीड़िता ने एसपी बांदा को शिकायती पर देकर कार्यवाही करने की मांग की हैं।

# भगवान संभालते हैं वक्त की सारी व्यवस्थाएं मोहन दास जी महाराज

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज भक्तमाल कथा केचतुर्थ दिवस पर श्री राम जानकी मंदिर मेहंदी वाग मैं प्रवचन करते हुए कथा व्यास श्रीमंत मदन मोहन दास जी मैं भक्त नरसी मेहता का चरित्र सुनाते हुए बताया नरसी मेहता की बेटे की शादी होनी थी नरसी मेहता 24 घंटे भगवान नाम संकीर्तन में लगे रहते थे और हर प्रकार से ठाकुर जी के भरोसे रहते थे सांवरिया सेठ की सेवा करते थे लोगों को लगा इस भक्त कैसे बेज्जती कराया जाए और राजा से कहा कि एक नरसी मेहता रहते हैं आपके स्तर का वही आपके बेटे की शादी हो सकती है राजा चला और नरसी मेहता जी के पास पहुंचा जब वहां पहुंच तो देखा कि वहां पर बड़ा महल था उसने अपनी बिटिया के शादी का प्रस्ताव नरसी मेहता को दिया हम आपके लायक नहीं है पर राजा बोला कि नहीं बेटी की शादी आपके बेटे से ही होगी नरसी जी ने सांवरिया सेठ को अपनी बैलगाड़ी में बैठाया और बारात लेकर चल दिए परंतु ठाकुर जी ने ऐसी व्यवस्था की आगे आगे हजारों हाथी घोड़े जा रहे हैं थे राजा परेशान हो गया



कि इतनी बड़ी बारात का स्वागत कैसे करेंगे मेरा तो पूरा सब कुछ बज जाएगा तो भी बारात का स्वागत नहीं कर पाऊंगा तब उसने नरसी मेहता से माफी मांगी तब सांवरिया सेठ ने दोनों पक्षों की व्यवस्था करिए एक तरफ से दाऊजी की तरफ से कन्हैया जो व्यवस्था कन्हैया ने की वैसी व्यवस्था किसी शादी में आज तक हुई नहीं एक घटना नहीं नरसी मेहता के ऐसी 57 घटनाएं जीवन में हुई है बस हमारा समर्पण भगवान के प्रति हो जाए और सब कुछ भगवान को साक्षी मानकर ही हम करें निश्चित रूप से हमारा विश्वास फलीभूत होता है बस आवश्यकता है दृढ़ विश्वास कर भगवान का भजन करने की भगवान के मधुर भजन हरबंस दास जी ने प्रस्तुत किया जिसमें मुरली वाले ओ बंसी वाले मुझको तो संभाले किया मैंने खुद को तेरे हवाले सुनकर श्रद्धालुओं के अश्रु बहने लगे पूजन श्री राम प्रिया दास जी महाराज श्री प्रेम नारायण दास जी महाराज औरैया से पधारे अश्विनी नायक शास्त्री श्याम मकदरिया नीरज राय जीपी शर्मा एपी अग्रवालने की अंत में सभी को आरती उपरांत प्रसाद दिया गया

# मौत को दावत दे रहा पैलानी केन नदी पुल की टूटी हुई रेलिंग

( यंग भारत न्यूज )

**पैलानी/बांदा** । पीडब्ल्यूडी के ठेकेदारों की लापरवाही आए दिन देखने को मिलती है पैलानी तहसील क्षेत्र के पैलानी के केन नदी पुल की रेलिंग कई महीने से टूटी है जो मौत को दावत दे रही है जिस पर रस्सी बांधकर कम चलाया जा रहा है। राहगीर विनोद कुमार निषाद ने बताया कि कई महीने से पुल की रेलिंग टूटी हुई है अधिकारियों को सूचना भी दी




गई है लेकिन अधिकारियों को फुर्सत नहीं है जब कोई बड़ी घटना होगी तब अधिकारियों की नजर इस और जाएगी जबकि बगल से तहसील है और ऐसा नहीं है कि अधिकारी इस रास्ते से ना निकालते हो उनको तो वसूली के अलावा फुर्सत ही नहीं है।

# किराएदारो ने घर से नगदी समेत जेवर लेकर फरार हुए

## -पुलिस ने किया फर्जी निस्तारण पीड़ित ने लगाया एसपी से न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )

**बांदा।** जसपुरा थाना क्षेत्र के नादादेव गांव के रहने वाले दयानंद ने पुलिस अधीक्षक बांदा को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाते हुए बताया कि पीड़ित के घर में तीन व्यक्ति किराए से रहते थे जो फेरी करके कपड़े बचते थे तीनों में से नाम एक का इरफान कासिम और अंकित है जो अपने आप को कानपुर नगर बताया था पीड़ित के घर के नीचे वाले कमरे में रहने लगे थे उक्त तीनों लोग दिन फेरी करते थे शाम को आते थे 6 मार्च 2026 को समय लगभग 10:00 बजे दिन में पीड़ित के पिता इरफान व कासिम की मोटरसाइकिल में बैठकर सेंट्रल बैंक पैलानी से ?50000





निकलवाने गए थे रुपए निकालने के समय उक्त दोनों लोग भी साथ में गए थे बैंक से रुपए निकाल कर उक्त लोगों के सामने पिता ने मां को रखने के लिए पैसे दिए थे मां ने उनके सामने ही पैसे ही पैसे रख दिया था उसी दिन शाम को पीड़ित की मां कुंडी बंद करके बगल के घर के बारे में चली गई कांड पथाने के लिय इसी बीच तीनों लोगों ने मौका पाकर घर की कुंडी खोलकर ताले को तोड़कर ?50000 नगद सहित मनचली सोने की कान बिजली चांदी का सामान लेकर फरार हो गए साथ ही पीड़ित को फोन करके भी ?15000 फोन पर में भी मांगे की जरूरत है दो से चार दिन में भेज देंगे यह जानकारी मां ने शाम को दिया पीड़ित को बताया सुबह ठाना भी गई थी तभी से बराबर थाने के चक्कर लगा रहा है लेकिन जसपुरा पुलिस द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई जांच अधिकारी द्वारा फर्जी निस्तारण भी किया गया है जबकि उक्त आरोपियों के नंबर भी चालू है इसके बावजूद भी कोई जानकारी नहीं की गई न ही आज तक कोई कार्रवाई की गई। पीड़ित पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि जल्द से जल्द उक्त लोगों पर कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया जाए

# संदिग्ध अवस्था में एक युवक की हुई मौत, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

( यंग भारत न्यूज )



**बबेरू/बांदा।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत कोरम गांव निवासी अजय पटेल पुत्र ज्ञान बाबू उम्र करीब 24 वर्ष, की संदिग्ध अवस्था पर मौत हो गई, परिजनों के द्वारा तुरंत अजय पटेल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची बबेरू कोतवाली पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतक के एक पुत्र व एक लड़की है। इस घटना को देखते हुए मृतक की पत्नी सुहानी देवी मां उमा देवी पुत्र अमन पुत्री ज्योति सहित पूरे परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत ने बताया की मृत्यु का कारण स्पष्ट जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्टर आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# एम एल सी प्रतिनिधि आर पी निरंजन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** नगर के एक गार्डन में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रोताओं ने देर रात तक बुन्देली गीतों का आनंद लिया और जमकर झूमे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झांसी-ललितपुर के एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन 'बाबूजी' उपस्थित रहे। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वह जनता की सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर रहते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या के समाधान के लिए सीधे फोन पर संपर्क करें, तत्काल निवारण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। कार्यक्रम के दौरान 'जय माँ गौरैया कला मंच' के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। बुन्देली गायक सीताराम आर्य, परम लाल पांचाल, हरिश्चंद्र आर्य तथा गायिकाओं रजनी भास्कर और सुषमा ज्योति ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। संगत में ऑर्गन पर नरेंद्र, पैड पर नीरज बजरंगी, ढोलक पर भूपेंद्र और झींका पर महीपत ने बेहतरीन तालमेल दिखाया। कार्यक्रम के अंत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एमएलसी प्रतिनिधि आर.पी. निरंजन का जन्मदिन मनाते हुए माल्यार्पण कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। संचालन जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र पटेल ने किया। अंत में कार्यक्रम आयोजकट्ट पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रतिनिधि पुष्पेंद्र भड़ोकर ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चेयरमैन गरौठा डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, पूर्व चेयरमैन गुरसरांय पं. देवेश पालीवाल, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रीति शर्मा द्विवेदी , जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा निहिल सिंघई ,सहकारी बैंक के पूर्व डायरेक्टर सुबोध पटेल, प्रसिद्ध नारायण यादव, रामेश्वर अग्रवाल, रामनारायण पश्तोर, प्रदीप कोठारी,अनिल तिवारीअखिलेश तिवारी, छोटू अस्ता, राम जी अग्रवाल, रवि जैन, रिंकू इसकिल, बब्बू पटेल संकेत पटेल, सुमितसोनी, रोहित ठाकुर, शैलेंद्र मडोरी, नरेंद्र मडोरी,सुशांत घोष, सम्मानित प्रधान गण ठाकुर श्याम सिंह, संजय पटेल सुटटा, अनुज द्विवेदी, रमाकांत पटेल, राजेश पटेल, पुष्पेंद्र पटेल, राम मोहन पटेल, धर्मेंद्र पटेल, वरुण त्रिपाठी, कुलदीप यादव, मुलायम सिंह , भगवती शरण कौशिक, बद्री बड़वार, रणकेंद्र बिजोरा, संतोष पटेल प्रधान, बृजेश मिश्रा,कल्लू प्रधान,अशोक कुमार, पूर्व प्रधान मानवेंद्र पटेल, पूर्व प्रधान हर प्रसाद पटेल, पूर्व प्रधान मूरत पटेल, अनेकों ग्राम प्रधान व पूर्व प्रधान और भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता व क्षेत्र और नगर के सम्मानित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# LPGCL प्लांट में फायर सर्विस वीक के दौरान जागरूकता की अलख

( यंग भारत न्यूज )

**ललितपुर।** फायर सर्विस सप्ताह के अंतर्गत, इस वर्ष की थीम सेफ स्कूल, हॉस्पिटल एंड सोसायटी को ध्यान में रखते हुए एलपीजीसीएल प्लांट द्वारा विभिन्न स्थानों पर फायर सेफ्टी जागरूकता एवं इमरजेंसी प्रिपेयर्डनेस कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।



इस क्रम में प्लांट टाउनशिप क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाए गए। ग्राम बुरौगांव स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को फायर सेफ्टी के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी गई तथा लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से आपातकालीन परिस्थितियों में सही एवं त्वरित प्रतिक्रिया के बारे में बताया गया ।इसके अतिरिक्त, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, बार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मेडिकल स्टाफ एवं उपस्थित लोगों को फायर सेफ्टी उपायों एवं इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई ।फायर सर्विस वीक के अंतिम दिन बुरौगांव गांव में ग्रामीणों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें फायर सेफ्टी उपायों के साथ-साथ पराली (स्टबल) जलाने से बचने के लिए भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया के तरीकों का प्रदर्शन किया गया। फायर सर्विस वीक के दौरान आयोजित समस्त कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं संचालन ईएचएस विभाग के प्रमुख, दीपक आनंद एवं उनकी टीम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718